

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...






वर्ष -01 अंक-14 RNI UP HIN/2015/64737 पृष्ठ: 4, मुल्य = 4 रूपया बुधवार, 4 जनवरी 2023

## संक्षिप्त समाचार

### कम्प्यूटर शिक्षा का अध्ययन करने वाले बच्चे ही देश के भविष्य है:- अंगद

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय**

महाराजगज/ सिवान अनुमंडल मुख्यालय के नजदीक पसिवर बाजार के निकट राम जानकी मंदिर के पास शांति टेक्निकल इंस्टीट्यूट का उद्घाटन का पूर्व मुखिया सत्यदेव सिंह व क्रांतिकारी योग प्रचारक अंगद जी महाराज के द्वारा कंप्यूटर टेक्निकल इंस्टिट्यूट का उद्घाटन संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया जहाँ जिसमें मुखिया ने कहा अगल बगल के गांव के लड़का लड़कियों का सुनहरा अवसर है यह मौका मिलेगा कंप्यूटर सीखने का टेक्निकल लाइन में जाने का बहुत ही अच्छा मौका है डायरेक्टर शैलेंद्र कुमार पंडित समाजसेवी राजेश राय जितेंद्र मिश्र ठाकुरजी अमित सिंह विकास वर्मा प्रिया आनंद राहुल कुमार विजेंदर पंडित वीरेंद्र ठाकुर कौशल सिंह नरेंद्र सिंह घनश्याम सिंह आदि ने भी कंप्यूटर शिक्षा की महत्ता को उपस्थित छात्र-छात्राओं और अभिभावकों से कहीं वहीं कई अभिभावकों ने भी अपने विचार साझा किए सिवान जिला योग प्रचारक अंगद जी महाराज ने कहा कि जो बच्चे कंप्यूटर की शिक्षा ग्रहण करते हैं वही वर्तमान समय के भारत के निमार्ता हैं देश के सर्वांगीण विकास में कंप्यूटर का अध्ययन एक अभिशाप के रूप में है कंप्यूटर शिक्षा हर चौक चौराहों से लेकर घर में रहकर ऑफिस में कार्य करके अच्छा पैसा और नाम कमाया जा सकता है और यह संस्थान खुलकर अगल-बगल आस पड़ोस के गांव के बच्चे बच्चियां शिक्षा पाकर जीवन को सफल बना सकते हैं।

### लदनियां थाना पुलिस ने मंगलवार की अहले सुबह करौन्हा से कविलाशा जाने वाली सड़क पर 99 बोतल नेपाली

**दैनिक शुभ भास्कर लदनियां / संवाददाता**

देसी शराब पकड़ा। पुलिस के आते देख बाइक सवार शराब धंधेबाज शराब का बोरिया गिरा कर भागने में सफल रहा। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह का कहना है कि आएदिन चोरी छिपे शराब धंधा पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में पद्मा गांव के ग्रामीण पुलिस दफादार महेश पासवान एवं रमेश कुमार को भनक लगा कि करौन्हा गांव होकर एक बाइक सवार शराब धंधेबाज बाइक पर शराब लेकर गुजरने वाला है। दोनों ग्रामीण पुलिस ने शराब धंधेबाज को पीछा किया। शराब धंधेबाज ने ग्रामीण पुलिस को पीछा करते देख शराब का बोरिया पटक कर भागने में सफल रहा। जब्त शराब में 90 बोतल नेपाली देसी शराब एवं 9 बोतल नेपाली वीयर है।

### क्रियेटिव क्रियेशन्स की लघु फिल्म - रैकेट

कोलकाता ।एक समय था, जब लघु फिल्में किसी खास बौद्धिक वर्ग तक ही सीमित हुआ करती थीं, लेकिन बदलते समय के साथ पिछले कुछ दशकों से इन लघु फिल्मों ने हर परिधि से आने वाले दर्शकों को अपनी ओर खींचा है और अब तो कई मंचों से लघु फिल्मों के लिए विशेष महोत्सव आयोजित होने लगे हैं। इसी कड़ी में, वर्तमान युग की एक ज्वलंत व अत्यंत चिंतनीय विषय पर "क्रियेटिव क्रियेशन्स" के बैनर तले, निमार्ता निर्देशक नरेश चंद्र पांडेय अपनी प्रथम प्रस्तुति लेकर आ रहे हैं "रैकेट यह फि ल्म उन भ्रष्ट चिकित्सकों की आर्थिक लोलुपता से उपजी विकृत बर्बरता को कठघरे में खड़ा करती है, जिन्होंने "अंग-प्रत्यारोण" जैसी जीवनदायिनी व्यवस्था को "अंग-तस्करी" में बदल डाला है और अपने कारण इस पवित्र पेशे को भी बदनाम कर रखा है। फि ल्म में बहुत ही कुशलता पूर्वक यह समझाने की कोशिश की गई है कि "अंग प्रत्यारोपण" जीवन देने की पद्धति है, "अंगों का व्यापार करने के लिए नहीं। फि ल्म की कथा-पटकथा व संवाद लिखे हैं श्री गोपाल मिश्र ने और तकनीकी पक्ष निखिल तुलसियानी (साउंड डिजाइन) और कमल किशमी (सिनेमाटोग्राफी) ने संभाला है। फिल्म में भूमिकाएं निभाई है रचना पांडेय, हनी खिलवानी, महेश खिलवानी, डॉ. सुनील सूर्यवंशी व अन्य कई साथी कलाकारों ने। मुख्य भूमिकाओं में रचना व हनी ने बहुत ही सशक्त अभिनय का प्रदर्शन किया है, मानों किरदारों को अपने वजूद में पिरो लिया हो। अन्य सभी ने भी अपनी-अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय किया है।

### जिला स्थापना दिवस 2023 का आयोजन भव्यता के साथ होगा, सभी का सहयोग अपेक्षित डीएम



**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

जलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा जिला स्थापना दिवस 2023 के अवसर पर भव्य और आकर्षक कार्यक्रम के सफल आयोजन के निमित्त स्थानीय शहीद अशफाक उल्ला खां स्टेडियम,खगड़ा का निरीक्षण किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष 14 जनवरी को भव्य कार्यक्रम आयोजित कर भव्यता के साथ स्थापना दिवस मनाया जायगा।सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम की सफलता हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य करना होगा। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय खगड़ा स्टेडियम में दो दिन का सांस्कृतिक कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। कई बड़े और राष्ट्रीय स्तर के कलाकार को बुलाने तथा माननीय मुख्यमंत्री को आमंत्रित किए जाने पर पूर्व में आयोजित बैठक में निर्णय हुआ था। तदनुसार डीएम के द्वारा स्टेडियम में भ्रमण कर मंच,पंडाल,जर्मन हैंगर,अन्य तैयारी हेतु स्थान का आकलन संबधित पदाधिकारियों के साथ किया गया। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने सभी कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन ससमय पूरा करना सुनिश्चित करेंगे।निरीक्षण के दौरान डीडीसी मनन राम,अनुमंडल पदाधिकारी अमिताभ गुप्ता, नजारत उप समाहर्त्ता व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे

## सीएम आवास में जदयू से जुड़े अल्पसंख्यक नेताओं की हुई बैठक

### पार्टी की सभी सीनियर लीडर मौजूद थे

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**



किशनगंज पटना में सोमवार को रात्री मुख्यमंत्री आवास 01 अन्ने मार्ग में जदयू अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उक्त कार्यों की जानकारी सभी अल्पसंख्यकों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया बैठक में माननीय मुख्यमंत्री नितीश कुमार जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा माननीय वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी माननीय मंत्री जल संसाधन विभाग संजय झा माननीय मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण विभाग जमां खान सहित जदयू से जुड़े सभी अल्पसंख्यक विधान पार्षद सभी पूर्व विधान पा र्षद सभी पूर्व विधायक सहित पार्टी की सभी सीनियर लीडर मौजूद थे मीटिंग को माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा माननीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमां खान विधान पार्षद खालिद अनवर गुलाम गौस पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमा पूर्व विधायक कोचाधामन सह जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सलीम परवेज ने संबोधित किया ।मंच संचालन बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ईरशादुल्लाह ने किया कार्यक्रम में जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम पूर्व मंत्री सह जदयू जिलाध्यक्ष नौशाद आलम पूर्व विधायक अमौर सबा जफर जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एहतेशाम अंजुम जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पूर्णियां शाहिद रेजा जदयू प्रखंड अध्यक्ष शकीलुर रहमान नजरूल हक ने माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बुके भेंट कर स्वागत किया पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने अपने संबोधन में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए किए गए कार्यों की चर्चा की चाहे मदरसा का मामला हो तालीमी मरकज हो कब्रिस्तान घेराबंदी, उर्दू शिक्षकों उर्दू अनुवादक सहायक उर्दू अनुवादक की बहाली अल्पसंख्यकों के लिए यूपीएससी बीपीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग की व्यवस्था अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण अल्पसंख्यक ऋण की व्यवस्था करने का काम किया

2020 के विधान सभा चुनाव में किस तरह से लोगों को गुमराह कर वोट लेने का काम किया।खूद बैरिस्टर असद्दुदीन ओवैसी साहब ने कोचाधामन में रेलवे स्टेशन बनाने टेढ़ागाछ में डिग्री कालेज अमौर में ओवैसी हास्पीटल निर्माण कराने का वादा किया था साथ में एएमयू सेन्टर किशनगंज को फंड सुरजापुरी मुस्लिम बिरादरी को केन्द्र में OBC की सूची में शामिल करने का वादा किया था साथ ही सीमांचल के लिए स्पेशल पैकेज दिलवाले की बात कही थी ढाई साल होने जा रहा है परंतु अभी तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है चुनाव में इंजिनियरिंग कॉलेज को डिटेंशन सेंटर बता कर वोट लेने का काम किया

## प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों को गायब देख बीडीओ ने मांगी स्पष्टीकरण शिक्षकों ने जताई नाराजगी

**दैनिक शुभ भास्कर पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश**

पालीगंज/ सोमवार को स्थानीय बाजार स्थित उच्च विद्यालय में जनगणना को लेकर चल रहे प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों की अनुपस्थिति को देख बीडीओ ने स्पष्टीकरण की मांग किया है। वही बीडीओ के द्वारा स्पष्टीकरण मांगी जाने के बाद शिक्षकों के बीच नाराजगी ब्याप्त है। जानकारी के अनुसार बिहार में जाति पर आधारित गणना की प्रथम चरण की गणना 7 जनवरी से 21 जनवरी तक निर्धारित है। जिसे सफलतापूर्वक करने को लेकर प्रथम चरण की गणना को लेकर 3 जनवरी से पालीगंज स्थित उच्च विद्यालय में ई डी संख्या 1 से 250 तक के प्रगणकों का प्रशिक्षण शुरू कर दी गयी है। जहां प्रशिक्षण के दौरान जब पालीगंज बीडीओ निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां 36 प्रगणक गायब पाए गए। जिसे देख बीडीओ संजीव कुमार ने प्रशिक्षण से गायब सभी प्रगणकों से स्पष्टीकरण की मांग किया है। वही स्पष्टीकरण की मांग किये जाने के बाद शिक्षकों ने नाराजगी प्रकट करते हुए बताया कि इलाके में पड़ रही कड़ाके की ठंढी के कारण घर से निकलना मुश्किल हो गया है। सभी विद्यालय जिलाधिकारी के आदेशानुसार बन्द कर दी गयी। इजके बावजूद हमलोगों की तकलीफ के बारे में सोचने वाले कोई नही है। वही शिक्षकों ने बताया कि स्पष्टीकरण की सूची में पांचवी कर्म संख्या पर अंकित सचिन कुमार को ट्रेनर होने के बाद भी प्रगणक बना दिया गया। जिन्हें दो दो जगहों पर नियुक्त किये जाने के बावजूद भी स्पष्टीकरण की मांग की गई है। साथ ही सभी नजदीकी विद्यालयों में शिक्षक होने के बावजूद भी अख्तियारपुर गांव के शिक्षक शम्भू सिंह को काफी दूरी पर बउआ गांव में ड्यूटी लगाई गई है। जो हमसभी के लिए काफी कष्टदायक है।

> **जानकारी के अनुसार बिहार में जाति पर आधारित गणना की प्रथम चरण की गणना 7 जनवरी से 21 जनवरी तक निर्धारित है। जिसे सफलतापूर्वक करने को लेकर प्रथम चरण की गणना को लेकर 3 जनवरी से पालीगंज स्थित उच्च विद्यालय में ई डी संख्या 1 से 250 तक के प्रगणकों का प्रशिक्षण शुरू कर दी गयी है। जहां प्रशिक्षण के दौरान जब पालीगंज बीडीओ निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां 36 प्रगणक गायब पाए गए।**

### बिहार में सुशासन नहीं बल्कि जंगलराज है : जेपी नड्डा

**दैनिक शुभ भास्कर हाजीपुर(वैशाली)**

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिहार दौरे पर हैं। वैशाली में बीजेपी कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।वैशाली लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मुजफ्फरपुर के पारू में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया।वैशाली की धरती को नमन करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि इस जनसभा में उमड़ी भीड़ को देखकर ऐसा लगता है कि नई उमंग के साथ बिहार बदलाव चाहता है। उन्होंने कहा कि जो संकल्प आपने लिया है वही भारतीय जनता पार्टी का भी है।मुजफ्फरपुर के पारू में जनसभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हजारों करोड़ रुपये के पुल बिहार में बन रहे हैं।पीएम मोदी बिहार की तस्वीर और तकदीर दोनों को बदल डालेंगे।लेकिन अब भी एक समस्या है।हम ऊपर से तो लक्ष्मी भेज देंगे लेकिन यदि नीचे जंगलराज हो तो काम नहीं हो पाता।विकास पूरी तरह से थम जाता है।राजद पर हमला बोलते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि हम पहले ही कहा करते थे कि आरजेडी की सरकार आएगी तब जंगल राज आ जाएगा।आज जंगलराज आ गया है।बिहार में लॉ एन्ड ऑडर खत्म हो गया है।मुझे तो अब यह भी समझ में नहीं आता कि सुशासन बाबू के राज में शासन कौन कर रहा है।उन्होंने कहा कि बीजेपी बिहार का नेतृत्व करे अब समय आ गया है बिहार की जनता कमल के निशान को आगे बढ़ाये इसका समय भी अब आ गया है इसलिए आप यह फैसला कर लीजिए।जेपी नड्डा ने इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी हमला बोला।कहा कि नीतीश जी ने जो फैसला लिया वो उनको मुबारक लेकिन उन्होंने बिहार की जनता को धोखा दिया है।जनादेश का अनादर किया है। उनको प्रजातांत्रिक तरीके से इसका जवाब दिया जाएगा।हम कुर्सी पर बैठने के लिए नहीं बल्कि बिहार का विकास करने के लिए सत्ता में थे। वैशाली की धरती को मेरा सादर नमन।यहां उपस्थित भीड़ ये स्पष्ट रूप से बता रही है कि बिहार बदलाव चाहता है और नई उमंग के साथ चाहता है।जो संकल्प आपने लिया है वही भारतीय जनता पार्टी का भी है।

### बाबूबरही से जदयू विधायक मीना कुमारी के पहल पर लदनियां प्रखंड के खाजेडीह जेसीकेएल हाई स्कूल प्रांगण में करीब 13 वर्षों अर्द्ध निर्मित स्टेडियम जल्द ही पूर्ण होगा

**दैनिक शुभ भास्कर लदनियां / संवाददाता**

उक्त आशय की जानकारी बाबूबरही के विधायक मीना कुमारी के निजी सहायक संजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि विधायक मीना कुमारी के प्रयास पर डीएम मधुबनी ने अपने कार्यालय पत्रांक-93 दिनांक 4 फरवरी 022 को 66 लाख 38 हजार 400 रुपये रिवाइज स्टीमेट कर प्रशासनिक स्वीकृति के लिए विभाग को भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि विधायक मीना कुमारी चुनाव जीतने के साथ ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदाताओं के समक्ष संकल्प के रूप में कहा था कि पूर्व मंत्री कपिलदेव कामत के अधूरे कार्य एवं उनके सपनों को जमीन पर उतारना हमारी पहली प्राथमिकता है। ज्ञात हो कि उक्त स्टेडियम का निर्माण कला संस्कृति एवं युवा विभाग से कराया जा रहा है।

## नाली निर्माण के दौरान अनियमितता को देख ग्रामीणों ने किया लिखित शिकायत

**पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश**

पालीगंज/ प्रखण्ड क्षेत्र के पैपुरा कला गांव में मुखिया की ओर से कराई जा रही नाली निर्माण कार्य मे अनियमितता का आरोप लगा ग्रामीणों ने सम्बन्धित पदाधिकारियो से लिखित शिकायत किया है। जानकारी के अनुसार पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के पैपुरा कला गांव में कल्याणपुर पैपुरा पंचायत के मुखिया आनन्द कुमार के द्वारा नाली निर्माण कराई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली का पानी का निकास हनुमान मंदिर के पास कराई जा रही है जो अनुचित है। वही नाली निर्माण के दौरान आवागमन में प्रयुक्त पगडंडी को अतिक्रमण किया जा रहा है जिससे लोगो को आवागमन में काफी परेशानी होगी। साथ ही नाली का निर्माण इस तरीके से कराई जा रही है कि गली में गंदा पानी का जमाव



निश्चित है। वही ग्रामीणों ने नाली निर्माण में हो रहे अनियमितता को देखते हुए सम्बन्धित पदाधिकारियो से लिखित शिकायत किया है।

## एनटीपीसी कहलगांव मे काम के दौरान चोट लगने से मजदूर की मौत परिजन ने किया गेट जाम

**दैनिक शुभ भास्कर भागलपुर से निबराज आलम की रिपोर्ट**



भागलपुर जिला के कहलगांव एनटीपीसी मे काम के दौरान मजदूर ग्राम पंचायत धनौरा के मोहम्मद मनीर उर्फ मन्नू की मौत मंगलवार को इलाज के दौरान अस्पताल मे मौत हो गई परिजन के अनुसार मोहम्मद मनीर को 31 दिसम्बर को काम करने के दौरान चोट लग गई थी जिसके बाद उसका ईलाज चल रहा था मौत के बाद परिजन ने एनटीपीसी के 1 नम्बर गेट पर शव को रख कर जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे जिसके बाद एनटीपीसी पदाधिकारी और एनटीपीसी थानाध्यक्ष एव परिजनो और जनप्रतिनिधि के बीच वातार्लाप किया जिसमे मे पीडित परिवार को 185000 रूपया का चेक और 15 हजार रूपया की नगद राशि अंतिम संस्कार के लिए दिया गया और परिजन को असवासन एनटीपीसी पदाधिकारी एंव कॉन्टैक्टर ने कहा की परिजन के बेटा को काम दिया जाएगा इस दौरान एनटीपीसी पदाधिकारी एवं एनटीपीसी थानाध्यक्ष और धनौरा पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार मंडल एंव पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेश मंडल एंव अंकित सिंह ,फरद रजा,श्रीकांत सिंह, गुड्डू एंव गण्यमान्य लोग मौजूद थे

## किशनगंज में जल जीवन हरियाली अभियान पर परिचर्चा आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

किशनगंज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में वर्ष के पहले जल जीवन हरियाली दिवस का आयोजन ज्ञान भवन सभागार पटना में किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री के संबोधन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किशनगंज सहित सभी जिला मुख्यालयों में लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से किया गया एवं सभी पदाधिकारी उनके विचारों से लाभान्वित हुए। जिला परिषद सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री सहित उप विकास आयुक्त मनन राम, अपर समाहर्त्ता (लोक शिकायत निवारण), जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्वेतांक लाल एवं सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारीगण,जन प्रतिनिधि उपस्थित रहकर माननीय मुख्यमंत्री के विचारों से अवगत हुए। इस अवसर पर डीएम श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में जल जीवन हरियाली अभियान विषय पर परिचर्चा भी आयोजित की गई। डीएम के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि जल जीवन हरियाली है ,तभी हमारा जीवन है। सभी जीवो का जीवन इसी जल, जीवन और हरियाली से संयुक्त है। कार्यक्रम में वेबकास्टिंग के माध्यम से नीतीश कुमार माननीय मुख्यमंत्री जी का अभिभाषण का लाइव टेलीकास्ट किया गया। डीडीसी मनन राम ने किशनगंज में आयोजित परिचर्चा में जल जीवन हरियाली के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालें और जन-जन से जोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जल जीवन हरियाली दिवस हर हर माह के प्रथम मंगलवार को आयोजित की जाती है,इसी क्रम में 3 जनवरी को ग्रामीण विकास विभाग (मनरेगा) को परिचर्चा में प्रस्तुति करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस परिचर्चा में ज्ञान भवन पटना से वेबकास्टिंग के माध्यम से सभी जिलों में इसका लाइव टेलीकास्ट किया गया

दैनिक शुभ भास्कर

बुधवार, 4 जनवरी 2023



## सार्वजनिक शौचालय निर्माण में अनियमता का आरोप, आवेदन देकर जांच की मांग



हरलाखी/सं। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के पिपरौन गांव में पैक्स गोदाम के पीछे बन रहे सार्वजनिक शौचालय में स्थानीय ग्रामीणो ने अनियमितता का आरोप लगाया है। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीण संतोष कुमार यादव ने पंचायती राज पदाधिकारी को आवेदन देकर जांच की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया संवेदक व पंचायत समिति के द्वारा कार्य में लापरवाही बरते हुए सार्वजनिक शौचालये निर्माणे मे लगने वाली सामग्री की गुणवत्ता ठीक से नहीं दी जा रही है। वही कार्य स्थल पर मानक बोर्ड तक नही लगाया गया है। पूरे कार्य में सरकारी राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। संवेदक कुछ विचौलियों को खर्चा पानी देकर मनमाने ढंग से कार्य कर रहा है। इधर उक्त समस्यों को लेकर स्थानीय ग्रामीणो ने सयुंक्त रूप से पंचायती राज पदाधिकारी को आवेदन देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पंचायती राज पदाधिकारी अमित अक्षय मिश्रा से दुरभाष पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने रिसीव करना उचित नहीं समझा। इन बातों से सहज अंदाज लगया जा सकता है कि हरलाखी में अफसरों के रुतबा किस तरह प्रभावित कर रही है।

## सद्गुरु आई केयर हॉस्पिटल का हुआ उदघाटन



हॉस्पिटल में सुमन कुमावत देंगी अपनी सेवाएं सालासर। यहाँ सीकर तिराहे के पास दैया रेजीडेंसी में सद्गुरु आई केयर का उदघाटन शिवमठ धाम गाड़ोदा के महन्त महावीर जति जी महाराज ने फीता काट कर किया।हॉस्पिटल संचालक डॉ. सुमन कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर गरुकृपा आश्रम के किशोर जी महाराज,भगवान भींवसर,रामकुमार दैया,सैयदुर्रहमान खत्री,भँवरलाल पॉटर, अरविन्द प्रजापत,बाबूलाल मलसीसर सहित कई गणमान्यजन मौजूद थे। सचिन पॉटर व धर्मेन्द्र प्रजापत ने आए हुए अतिथियों का स्वागत सत्कार व आभार प्रकट किया।

## देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री फुले की 192वीं जयंती लक्ष्मणगढ़ में श्रद्धा पूर्वक मनाई

लक्ष्मणगढ़ 3 जनवरी। देश की प्रथम महिला शिक्षिका महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की 192वीं जयंती मंगलवार को सैनी भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। यह जानकारी देते हुए फुले ब्रिगेड के तहसील अध्यक्ष मनोज राकसिया ने बताया कि सैनी समाज संस्था व फुले ब्रिगेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जयंती कार्यक्रम में सैनी समाज के अध्यक्ष रामगोपाल चुनवाल, महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया, महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गौड, फुले ब्रिगेड के देहात अध्यक्ष विनोद सांखला आदि ने सावित्री बाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अवगत कराते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान



किया तथा उनके संदेश को घर घर पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास समिति के संगठन मंत्री मनोज गौड धाभाईयो की ढाणी, फुले ब्रिगेड यूथ अध्यक्ष जितेंद्र टांक, व्यवसायी शुभकरण चुनवाल, महावीर जाजम, एडवोकेट सत्यनारायण चुनवाल, श्रीचंद सैनी बगड़ी, राजकुमार भाटी ढोलास, श्रवण कुमार, संजय सैनी, प्रदीप सांखला, अनिल सैनी, भागीरथ गौड़, राहुल सैनी,अंकित, गौरीशंकर भाटी, जयप्रकाश भाटी, हिमांशु, दिनेश राकसिय हितेश सैनी, ताराचंद बगड़ी आदि मौजूद थे।

## पुलिस महानिदेशक के निर्देशों का पालन नहीं कर रही है जामताड़ा पुलिस

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल। जामताड़ा।**

पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय रांची के निर्देशों का पालन नहीं कर रही है जामताड़ा पुलिस। प्रत्येक माह के पहले शनिवार को रक्तदान शिविर लगाने का निर्देश एसपी जामताड़ा को पुलिस महानिदेशक रांची के द्वारा दिया गया था। निर्देश दिए हुए कई महीने बीत गए लेकिन धरातल पर इन निर्देशों का पालन जामताड़ा पुलिस के द्वारा नहीं किया गया। बताते चलें कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो या थैलेसीमिया रोग से ग्रसित मरीज या गर्भवती स्त्री इन्हें सबसे ज्यादा रक्त की आवश्यकता पड़ती है। अगर इन्हें वक्त पर खून ना मिले तो इनकी मौत भी हो सकती है। ऐसी स्थिति न आए इसके लिए उनको रक्त की आपूर्ति ब्लड बैंक के द्वारा किया जाता है। अगर ब्लड बैंक में ही रक्त ना हो तो फिर कैसे लोगों का जीवन की रक्षा की जा सकेगी। इस परिस्थिति से बचने के लिए पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महनिरीक्षक कार्यालय रांची के द्वारा बीते 30 जुलाई 2021 को एस पी जामताड़ा को पत्र जारी कर प्रत्येक माह के पहले शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाने को कहा गया। साथ ही व्यक्तिगत रुचि लेकर रक्तदान शिविर संपन्न कराने को कहा गया ताकि रक्त की कमी को दूर किया जा सके। इसे विडंबना ही कहिये वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश का जामताड़ा पुलिस के द्वारा पालन नहीं किया गया। अगर इनके निर्देशों का पालन हो जाता तो बल्ड बेंक में रक्त की कमी न होती। अब विचित्र बात यह है कि इन पत्रों में रक्तदान करने के साथ स्वैच्छिक शब्द जुड़ा हुआ था।इसी शब्द को ढाल बनाकर पत्र निर्गत हुए 15 महिने से ऊपर हो गया लेकिन एक भी रक्तदान शिविर का आयोजन जामताड़ा पुलिस के द्वारा नहीं किया गया।

## खाद की कालाबाजारी के खिलाफ भाकपा माले ने किया प्रदर्शने

**पानापुर(सारण)/सुभाष कुमार/ब्यूरो/पवन कुमार सिंह**

खाद की कालाबाजारी सहित अपनी ग्यारह सूत्री मांगों के समर्थन में भाकपा माले के कार्यकताओं ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सामने विशाल धरना प्रदर्शन किया। धरना को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला कमिटी के सचिव सभापति राय ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है वही बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गयी है। समाज मे नफरत का बीज बोया जा रहा है किसान यूरिया खाद के लिए भटक रहे है जबकि कालाबाजारी करने वाले इसे दुगुनी कीमत पर पिछले दरवाजे से बेच रहे हैं। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं का आह्वान किया कि केंद्र की इस पूंजीवादी एवं फासीवादी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। बाद में उन्होंने अपनी ग्यारह सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रखंड कार्यालय को सौंपा। उनकी प्रमुख मांगो में खाद की कालाबाजारी पर रोक एवं लाइसेंसी दुकानों की जांच कराने ,आवास योजना के बकाये राशि का भुगतान करने ,दलित बस्ती में बने सामुदायिक शौचालयों को चालू कराने ,शराब के नाम पर निर्दोष लोगों को फंसाना बंद करने ,वृद्धा पेंशन की राशि पांच हजार रुपये मासिक करने आदि शामिल है।

धरना को प्रखंड सचिव नागेंद्र प्रसाद,अनुज कुमार दास, विजय सिंह , संतोष कुमार, वीरेंद्र राय, सुशील पाण्डेय, मिन्टु कुमार, रविन्द्र मांझी, सुरेंद्र पासवान, विपिन साह, देवकली देवी,ललिता देवी आदि ने भी संबोधित किया।

## दो दिवसीय जाति गणना आधारित प्रशिक्षण सफलता पूर्वक संपन्न

**जलालपुर/सारण/मनोज तिवारी/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

सारण जिले के जलालपुर मे जाति आधारित गणना 2022 को सफलता पूर्वक पुरा कराने को लेकर प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय जलालपुर मे बीडीओ कुमारी अंजू के देख रेख में मंगलवार को सम्पन्न है। प्रशिक्षण मे प्रशिक्षकों द्वारा बहुत ही सरल एवं सुलभ तरीको से सभी प्रागणको एवं पर्वेक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। बताते चले कि प्रशिक्षण सोमवार को शुरू किया गया। जिसमें प्रथम दिन सात पंचायतों में कुमना,भटकेशरी,देवरिया,अनवल, नवादा,सम्हौता तथा रेवारी आदि के शिक्षक एवं कर्मी शामिल थे। वही दूसरे दिन सात पंचायतों में किशुनपुर,विशुनपुरा,माधोपुर,सवरी ,रेवारी,रामपुर नूरनगर एवं अशोक



नगर के शिक्षक एवं कर्मी शामिल हुए। मौके पर बीडीओ कुमारी अंजू ने प्रागण कर्मियों को बताया कि बिहार जाति आधारित गणना को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि सभी को मकान सूचीकरण एवं नजरी नक्शा बनाने के बारे विस्तार से समझाया। मौके पर मास्टर ट्रेनर मानिंद्रा पाण्डेय,प्रशांत कुमार दुबे,इंसाफ अली,शैलेन्द्र सिंह,मनीष कुमार सिंह, हरिनारायण सिंह,मनीष कुमार आदि थे।

## हरी सब्जियों का बाजार भाव कम होने से जमकर खरीदारी कर रहे ग्राहक

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/ अर्जुन सिंह/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

ठंड बढ़ते ही स्थानीय स्तर पर अच्छी उत्पादन होने से सभी सब्जियों की कीमत कम मौसम ने जैसे ही कर-वट बदली वैसे ही जिले के अलग अलग क्षेत्र में ठंड का मौसम बढ़ना शुरू हो गया है। इस-जाड़े के मौसम में सब्जियों का बाजार भाव नियंत्रण में होने से आमलोग काफी राहत महशुस कर रहे है।प्रायः सभी सब्जियों की कीमत औसत होने से लोग खूब खरीददारी कर रहे है। शहर के प्रमुख सब्जी मंडी समिति बाजार ,साढ़ा ढ़ाला सब्जी मंडी, सरकारी बजार, गुजरी बजार सहित ग्रामीण



क्षेत्र के बाजारों में मंगलवार को ग्राहकों की काफी भीड़ जुटी रही। जहाँ लोगों ने जमकर सब्जियों की खरीददारी कर रहे है ।दुकानदारों बिहार मशरूम हब के संचालक सुमेश शशि ने बताया कि लग्न समाप्त होने एवं स्थानीय स्तर पर हरी सब्जियों का उत्पादन अच्छा होने से फिलवक्त सभी सब्जियों की कीमत नियंत्रण में है।जिस वजह से आम से लेकर खास तक सभी वर्ग के लोग अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रतिदिन सब्जियों की खरीददारी कर रहे है। जिससे मंडी में प्रतिदिन ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ जुट रही है।काफी संख्या में ग्राहकों के मंडी पहुँचने से सब्जी विक्रेता एवं सब्जी उत्पादक किसान भी काफी उत्साहित दिख रहे है। हालांकि राशन सामग्रियों में तेल,दाल एवं मसाला सहित अन्य सामानों का भाव तेज होने से लोगों को आर्थिक रूप से थोड़ी परेशानी जरूर झेलनी पड़ रही है। एक नजर समिति बाजार छपरा में सब्जियो का खुदरा बाजार भाव(प्रति किलोग्राम) मटर-25 रुपये टमाटर-10 रुपये फूल गोभी-10 रुपये बंदा गोभी-10 रुपये हरा मिर्च-40 रुपये आलू- 20 रुपये प्याज-25 रुपये बैगन-15 रुपये शिमला मिर्च-30 रुपये धनिया पत्ता-50 रुपये गाजर-20-30 रुपये पालक साग 20 रुपये बीन 25 रुपये कागजी नींबू- 05 रुपये पीस सहित अन्य हरी सब्जियों में काफी दामों में कमी आई है लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार सब्जियों की खरीद कर रहे हैं लेकिन सब्जी के दामों में कमी आने से जो ग्राहक 500 ग्राम लेते थे वे अब 1ॅ से 2ङऋले रहे हैं तो वही सब्जियों के दामों में कमी आने से किसानों से लेकर व्यापारियों एवं दुकानदारों को काफी परेशानी हो रही है

## जरूरतमंद बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**दैनिक शुभ भास्कर एकमा/विजय कुमार/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

प्रखंड के खजुहान गांव में स्थित आनंद बिहारी यादव सार्वजनिक पुस्तकालय पर जरूरतमंद बच्चों के बीच बैग और स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया चैनपुर निवासी भानु कुमार सोनी ने बच्चों को शिक्षा के प्रति ललक विकसित करने के उद्देश्य से 50 से अधिक जरूरतमन्द बच्चों को बैग और स्टेशनरी सामान का वितरण कर मानव मानवता की मिसाल पेश की। भानु कुमार सोनी ने कहा कि मानव कल्याण से बड़ा कोई धर्म नहीं है । जरूरतमंदों की मदद करना हैमानवता की मिसाल पेश की। जरूरतमंदों की मदद करना ही सच्ची सेवा है । वही मौके पर उपस्थित शिक्षक एवं समाजसेवी संतोष सेनानी यादव का कहना है कि अगर समाज का हर युवा इस तरह से अपने समाज



के जरूरतमंद बच्चों के लिए खड़ा हो जाए तो निश्चित रूप से काफी बड़ा बदलाव होगा । मौके पर आये सभी बच्चों को ठंड एवं कोरोना से बचाव के सुझाव भी दिये गये। इस अवसर पर अनुराग, जाहिद, सगुन कुमार गुप्ता सहित दर्जनों युवा मौजूद थे ।

## श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम ने शिक्षिका दिवस के रूप में सावित्रीबाई फुले की जन्म दिवस मनाने की माँग की

**दैनिक शुभ भास्कर बनियापुर/सारण/नवनीत मिश्रा/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

प्रखण्ड के बेदौली पंचायत में सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवश मनाया गया,मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम का स्वागत बनियापुर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी संतोष कुमार ने गुलदस्ता देकर स्वागत किए वही मंत्री सुरेंद्र राम ने सावित्रीबाई फुले की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहे की सभी लोग शिक्षित बने और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए जिस तरह सावित्रीबाई फुले जी ने पुरे देश में दलित समाज से पहली शिक्षिका महिला होते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाई और समाज में आगे बढ़कर अपने हिस्से का अधिकार हासिल की उन पर सभी लोगों व महिलाओ को गर्व करना चाहिए बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर ने कहा है शिक्षित बनो संगठित और संघर्ष करो रहो और अपने बच्चों को बच्चियों को शिक्षित करना ही सच्ची संकल्प होना चाहिए और हमारे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पंचायती राज चुनाव में महिलाओं को आरक्षण देना एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का यही नारा है महिलाओं को सम्मान देना और समाज को एकजुट रखना! कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया रविंद्र राम ने किए और मंच का संचालन पत्रकार विक्रम चौधरी ने किए मौके पर जन सुरक्षा मंच के उपाध्यक्ष मुखिया अरुण दास, कोषाध्यक्ष उपेंद्र यादव, जदयू नेता राजेश त्यागी, शिक्षक योगेंद्र पांडेय जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष शिव नारायण पटेल, उप प्रमुख संजय राम, पूर्व बीडीसी भगवान शर्मा, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष राकेश रौशन,प्रभु, धर्मेंद्र बैठा अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक जनवरी से ही महाराष्ट्र के पालगढ़ से मजदूर लापता

**माँझी/सारण/मनीष पाण्डेय/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

महाराष्ट्र के पालगढ़ जिले के मनोर थाना अंतर्गत किराड़ गांव में मजदूरी करने गए माँझी के एक युवक के लापता होने के बाद हत्या की आशंका से परिजन सहमें हुए हैं। बताते चलें कि पहली जनवरी की रात से ही किराड़ (महाराष्ट्र) से लापता माँझी के पकड़ी बाजार निवासी स्व. राजेश्वर साह का 25 वर्षीय पुत्र सत्येन्द्र साह का अबतक कुछ पता नही चल सका है। लापता युवक का सुराग मिलने में विलम्ब होते जाने से उसकी पत्नी सहित परिजनों की चिन्ता बढ़ती जा रही हैं। आसपास के ग्रामीण भी आशंकित हैं तथा मोबाइल के जरिये पालगढ़ में पुलिस द्वारा की जा रही खोजबीन की पल पल की जानकारी ले रहे हैं। वही लापता युवक के साथ काम करने गए माँझी के मजदूरों ने बताया कि वे लोग एक स्थानीय ठेकेदार हबीब खान की कंस्ट्रक्शन कंपनी में मजदूरी करते हैं। एक जनवरी रविवार को लापता सत्येन्द्र के साथ एक अन्य मजदूर का विवाद हुआ था तथा सोमवार की सुबह लापता सत्येन्द्र के कमरे के बाहर खून के धब्बे तथा किसी ब्यक्ति के घसीटने के निशान पाए गए थे। रविवार की रात से ही लापता सत्येन्द्र का मोबाइल भी स्वीच ऑफ बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मजदूरों द्वारा मनोर थाना पुलिस से घटना की लिखित शिकायत करने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्ध स्थानीय युवकों को गिरफ्तार भी किया था हालाँकि पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। मंगलवार को पुलिस ने खोजी कुत्ते की सहायता से लापता मजदूर की खोजबीन भी की पर खबर भेजे जाने तक कोई सुराग नही मिल सका था।

## छपराझ्र सीवान मेन रोड पर दो ट्रकों की आमने सामने टक्कर



**दाउदपुर/सारण/मनीष पाण्डेय/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

दाउदपुर के सोनिया पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की रात दो ट्रकों की आमने सामने हुई टक्कर में दोनों चालक बुरी तरह जख्मी हो गए। ट्रकों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास के घरों में सो रहे लोग की नींद खुल गई। छपरा सिवान मुख्य मार्ग पर हुई दुर्घटना के बाद वाहन चालकों तथा ग्रामीणों के सहयोग से ट्रक में फंसे दोनों चालकों को निकाल कर नजदीक अस्पताल में पहुंचाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को एकमा सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। दोनों वाहन चालकों को गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद पहुंची दाउदपुर थाना पुलिस ने दोनों ट्रकों को अपने कब्जे में ले लिया है।

## मशरक मे जाती आधारित गणना दूसरे दिन भी प्रशिक्षण संपन्न

**मशरक/सारण/धर्मेंद्र सिंह/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मशरख (सारण)मशरक प्रखंड स्थित सभागार मे जाती आधारित गणना की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर आज दूसरे दिन मंगल वार को भी प्रखंड कार्यालय में प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। वही आज गंगौली, सोनौली, सेमरी, खजुरी, दूरगौली, नवादा, मदारपुर,जजौंली, पंचायत में प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक एवं प्रगणक उपस्थित रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मो. आशिफ ने कहा कि बिहार जाती गणना को सफल बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी लोग सजगता के साथ कार्य करें उन्होंने गणना की बारीकियों को विस्तार से समझाया, कहा कि इसकी समयबद्धता एवं अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य को ससमय एवं सफलतापूर्वक निष्पादन करना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गणना के समय यह आवश्यक है कि सभी फील्ड ट्रेनर, पर्यवेक्षक एवं प्रगणक एक निश्चित परिचय पत्र के साथ क्षेत्र में जाएं ताकि कोई दूसरा व्यक्ति इस प्रक्रिया में शामिल न हो सके और सामान्य जन से परिचय पत्र के आधार पर कर्मियों को कार्य करने में सहयोग प्राप्त हो सके। निर्देश दिया गया कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण होते ही क्षेत्र का वे लोग होमवर्क कर ले ताकि किसी भी तरह की गलती की संभावना ना हो। प्रशिक्षण में फील्ड मास्टर ट्रेनर पिंटू रंजन ने बताया कि जाति गणना का प्रथम चरण- मकान सूचीकरण एवं नंबरीकरण का होगा, जो 7 जनवरी से 21 जनवरी तक चलेगा। इसमें गणना क्षेत्र का निर्धारण, गृह संख्या का निर्धारण एवं संक्षिप्त गृह पंजी को तैयार किया जाना है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।प्रशिक्षण में उपयोग में लाए जाने वाले परिपत्रों यथा संक्षिप्त मकान सूची, प्रगणक नक्शा, पर्यवेक्षकीय नक्शा आदि के बारे में जानकारियां प्रदान की

## ठंड से ठिठुर रहे राहगीर नही जल रहा है शहर में कहीं भी अलाव

**दैनिक शुभ भास्कर सारण,अर्जुन सिंह/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

विगत पिछले एक सप्ताह से लगातार ढंड बढ़ रही है । ठंड के प्रभाव इतना बढ़ गया है कि लोग घर से समयनुसार नही निकल रहे है । ठंड इतनी बढ़ी है कि कंपकपी से मनुष्य के साथ-साथ पालतू जानवर भी ठुठुरने लगा है । ढंड बढ़ने के बावजूद भी प्रशासन द्वारा अलाव नही जलाने की व्यवस्था की हैं । जिसके चलते बाजार जा रहे राहगीर व गरीब गुरबों इस ढंड में ठिठुर रहे हैं । क्षेत्रीय लोगों ने विभिन्न चौक चौराहों सहित सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाये जाने की मांग उच्चाधिकारियों से की है । दो तीन दिनों से बढ़ती ढंड से सुबह व शाम को राहगीरों एवं आम लोगों को ठंड से ठिठुरते हुए देखा जा रहा है परंतु जिम्मेदार इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं जिससे लोग ठंड से ठिठुर रहे हैं । सबसे ज्यादा भीख मांगने वाले या रिक्शे ठेले चलाने वाले लोगों को इस ठंड के मौसम में काफी परेशानी हो रही है। बढ़ती ढंड को लेकर सरकार की ओर से अब तक के अलाव का कोई व्यवस्था नहीं किया गया है। न ही समाजसेवी या जनप्रतिनिधियो द्वारा असहाय, गरीब, पीड़ितों को इस ठंड के मौसम में कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं कि जा रही है और जिला प्रशासन द्वारा लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है।

> क्षेत्रीय लोगों ने विभिन्न चौक चौराहों सहित सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाये जाने की मांग उच्चाधिकारियों से की है । दो तीन दिनों से बढ़ती ढंड से सुबह व शाम को राहगीरों एवं आम लोगों को ठंड से ठिठुरते हुए देखा जा रहा है परंतु जिम्मेदार इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं जिससे लोग ठंड से ठिठुर रहे हैं

## ठंढ में मजबूर और बेबस लोगों के बीच हुआ कंबल वितरण

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

बिहार प्रदेश के सारण जिलें में जन संघ सेवक मंच ने किया कम्बल का वितरण। जन संघ सेवक मंच महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष आयरन लेडी भाजपा नेत्री रीना सिंह के तत्वाधान में बिहार प्रदेश के अध्यक्ष विकाश कुमार प्रदेश मीडिया प्रभारी स्वाभिमान सिंह (रैना न्यूज)और अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में कंबल वितरण कर कड़कड़ाती ठंड में लोगों की राहत दी। बिहार के सारण जिले में इस कप कपाती ठंड से बचने के लिए गरीब,मजदूर,बेबस,लाचार और वृद्ध पुरुष महिला को गरम कपड़े और कंबल देकर उन्हें सम्मानित किया और इस अवसर पर कहा कि मानव सेवा से बढ़कर दूसरा कोई धर्म नही है।समाज सेवी और समाज सेवको को आगे आना चाहिए और



समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए।इसके अंतर्गत जन संघ सेवक मंच के पदाधिकारी पूरे देश में जगह जगह पहुंचकर लोगों के बीच कंबल वितरण कर रहे हैं और ठंड से बचने के लिए उन्हें गरम कपड़े भी दे रहे हैं। आयरन लेडी रीना सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि देश भर के अलग अलग प्रांतों में जन संघ सेवक मंच के पदाधिकारी इस कार्य में लगे हुए हैं,जो लोगों तक उनकी जरूरत की वस्तुओं को पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे।

## दिव्यांगों को मुख्यधारा में लाना राष्ट्र निर्माण के लिए किया गया कार्य हैझ्र सांसद सिग्रीवाल



**. जलालपुरे सारण/अखिलेश्वर पाण्डेय ब्यूरो/ पवन कुमार सिंह**

दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में लाना राष्ट्र निर्माण के लिए किया गया कार्य है,उक्त बातें महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने जलालपुर के प्रखंड सभागार में कहीं.वे आयोजित दिव्यांग परीक्षण शिविर में मंगलवार की संध्या मीडिया से बात कर रहे थे उन्होंने कहा कि इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से जितने भी चलने फिरने में सक्षम नहीं है उन्हें बैटरी युक्त ट्राई साइकिल दी जाएगी इससे वे समाज की मुख्यधारा में जुड़ेंगे ट्राई साइकिल मिलने पर दस गुणा काम ज्यादा करेंगे यह ट्राई साइकिल एक बार चार्ज करने में 100 किलोमीटर चलेगी तथा 30 के स्पीड से चलेगीएलिम्को कंपनी के पदाधिकारियों को बेहतर से बेहतर सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कहा और उन्होंने कहा कि किसको साइकिल देनी है यह निर्धारण करने का काम वे स्वयं तथा इंडियन आयल कंपनी करेगेशिविर मे 200से अधिक नये आवेदन लिए गएे मौके बी डी ओ कुमारी अंजू , प्रमोद सिग्रीवाल उमेश तिवारी कान्तु ठाकुर दीपू चतुवेर्दी, गुड्डू चौधरी ,नीलेश सिंह पंकज सिंह सहित कई इंडियन आयल कार्पोरेशन लमिटेड व एलिम्को के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

# नहर का तटबंध टूटने के 24 घंटे बाद भी नहीं हुई मरम्मत

**भरगामा/अररिया** रघुनाथपुर दक्षिण पंचायत के मौजहा स्थित बेलसरा नहर का पश्चिमी भाग के तटबंध के टूटे जाने के 24 घंटे बीत जाने के बाद विभाग की निद्रा टूटी। विभाग के द्वारा मजदूरों एवं ट्रैक्टर के मदद से मंगलवार के दोपहर बाद बांध को मिट्टी से भरने की कवायद शुरू की गई।खेत मे पानी फैल जाने के कारण किसान काफी हताश और परेशान हैं। तटबंध टूटने से पचास एकड़ मक्के और गेहूं का फसल बर्बाद हो चुका है। वही किसान बताते हैं कि अगर हम लोगों को मुआवजे की राशि नहीं दी गई तो हम लोग प्रखंड मुख्यालय में भी धरना प्रदर्शन करेंगे। बताते चलें कि रघुनाथपुर दक्षिण पंचायत अन्तर्गत मौजहा गांव मे बेलसरा वितरणी नहर का बांध मध्य विधालय के समीप रविवार की रात टूट गया था। नहर के बांध टूटने से सैकडो एकड मे लगी गेंहू और मक्का की फसल पानी मे डूब गया। हलांकि बांध टूटने की



सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने नहर के बांध का जायजा लिया तथा कटाव स्थल का विभागीय कर्मियो को मरम्मत व कटाव रोकने को लेकर युद्धस्तर पर काम शुरू करने का निर्देश दिया । लोगों ने यह भी बताया कि बेलसरा नहर में कुशमौल वितरणी से पानी छोडा जाता हैं । बेलसरा नहर की क्षमता 30 क्यूसेक पानी की है । लेकिन इस नहर मे विभाग द्वारा क्षमता से अधिक पानी छोडा जा रहा था । जबकि महिनों से बेलसरा वितरणी नहर का पश्चिमी स्पर मौजहा गांव मे कमजोर था । पीड़ित किसान में रमेश कुमार सिंह, ठाकुर प्रसाद यादव, सुरजीत कुमार यादव, उमेश यादव, उमानंद यादव, चंदेश्वरी यादव, ओमप्रकाश यादव, जीबछ यादव, राजेश यादव, दिनेश यादव, बुधन यादव, श्यामानंद यादव, सुरेंद्र यादव, पप्पू यादव, शशी भूषण यादव ने बताया कि बांध का स्पर कमजोर होने की लगातार सूचना सिंचाई विभाग को दिया जा रहा था । लेकिन विभागीय अभियंता सूचना के बाद भी कभी भी बांध का सूधि लेने नहीं पहुंचे । लिहाजा रविवार की देर रात नहर बांध पर पानी का दवाब बढ़ने से बांध अचानके टूट गया । जिससे सैकडों एकड भूभाग मे पानी फैल गया। बताया मक्का व गेंहू फसल को काफी नुकसान पहुंचा हैं । पीडित किसानों ने फसल क्षतिपुर्ति देने की मांग की है ेे। इधर सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता शम्भू कुमार ने बताया कि नहर के बांध को जे सी बी से बांधने का प्रयास किया गया।लेकिन सम्भव नही हो सका।मंगलवार को मजदूर एवं ट्रैक्टर के मदद से टूटे बांध को मरम्मत किया जा रहा है।

# अब्दुल कलाम आजाद चौक में कप कपाती ठंड में मो० रफीक आलम ने अलाव का किया इंतजाम

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

अब्दुल कलाम आजाद चौक में कप कपाती ठंड में मो० रफीक आलम ने अलाव का किया इंतजाम राहगीरों में काफी उत्साह किशनगंज ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत अब्दुल कलाम आजाद चौक पावर हाउस के समाजसेवी लोकप्रिया मोहम्मद रफीक आलम ने मीडिया से मुखातिब होकर उन्होंने कहा कि इस कराटे के ठंड में गरीब और लाचार लोगों की सेवा करना ही मेरा प्राथमिकता है वहीं उन्होंने अब्दुल कलाम आजाद चौक पर ठंड से लोगों को बचने के लिए अलाव का किया इंतजाम ताकि गरीब लाचार बेहसारे लोग एवं राहगीरों को ठंड से बचा सके वहीं उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में एक दूसरे का मदद करना चाहिए ताकि ठंड की वजह से एक गरीब का जान ना जाए यह हम सब की जिम्मेदारी है वहीं समाजसेवी लोकप्रिय मोहम्मद रफीक आलम ने कहां की मैं हमेशा एक दूसरे का मदद करते आया हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं और गरीब और बेसहारे लोगों का मदद करता रहूंगा उन्होंने कहा कि इंसानियत उसे कहलाता है

एक दूसरे का हमेशा ख्याल रखें इसी दरमियान स्थानीय लोगों ने कहा कि हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाजसेवी लोकप्रिय मोहम्मद रफीक साहब हमेशा गरीबों का मदद करते आया है और हम लोग ऐसे इंसान को कभी नहीं भूल सकते हैं इसलिए कि इन्होंने हर समय गरीब और लाचार लोगों की मदद करते आया है और ऐसे लोग जो बगैर राजनीतिक के हमेशा आम जनों की सेवा करें ऐसे लोगों को कभी भूल नहीं सकते हैं यही हम सब की










पहचान है वही लोगों ने कहा कि बगैर पद का यह इतना मदद कर सकता तो अगर समाजसेवी लोकप्रिय मोहम्मद रफीक आलम अगर पद में रहे तो और आम जनों के लिए क्या करेगा वह तो आने वाला वक्त ही बताएगा अब्दुल कलाम आजाद चौक के समाजसेवी मोहम्मद रफीक आलम द्वारा अलाव का किया गया विभिन्न जगह में इंतजाम कप-कपा आते ठंड के मौसम में गरीब बेसहारे लोग ले रहे हैं अलाव का आनंद

# फारबिसगंज में विद्यार्थी परिषद के सात दशकों की यात्रा को दशार्ती पुस्तक 'ध्येय यात्रा' का लोकार्पण

फारबिसगंज : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई,फारबिसगंज में विद्यार्थी परिषद के सात दशकों की यात्रा को दशार्ती पुस्तक 'ध्येय यात्रा' का लोकार्पण मंगलवार को फारबिसगंज महाविद्यालय में अभाविप के जिला प्रमुख डा. संजीव कुमार सिंह के द्वारा किया गया। विमोचन में उपस्थित अभाविप के जिला प्रमुख ने कहा, " छात्र संगठन का जो विशिष्ट दर्शन अभाविप ने विकसित किया है, उससे लोग परिचित हो सकें, और उसे समझ सकें।

छात्र आन्दोलन का इतिहास लिखने वालों ने विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अभाविप के साथ न्याय नहीं किया है। हम इतिहास लिखने वाले नहीं बल्कि इतिहास बनाने वाले हैं। स्थापित सत्ता के विरुद्ध आवाज उठाना युवा करता है, परंतु ये देश टुकड़े टुकड़े करने वाले गैंग के लिए



नहीं है। समाज के प्रति विद्यार्थी एवं युवाओ की क्या भूमिका हो, ऐसे आंदोलन को खड़ा करने का काम विद्यार्थी परिषद ने किया।" एक वैश्विक छात्र आंदोलन छात्रों के हित मे खड़ा हो सके ऐसा प्रयास किया गया है। वर्तमान में वैश्विक परिदृश्य में युवाओं की क्या भूमिका तय होनी चाहिये एवं स्वस्थ राजनीति की परिपाटी विकसित हो जिसे लोकतंत्र की रक्षा हो सके इन सभी मुद्दों पर मुख्य रूप से ध्यान दिया गया। इस मौके पर अ.भा.वि.प जिला संयोजक आकाश श्रीवास्तव , भाजपा नेता श्री दक्षिणेश्वर प्रसाद राय( रेणु) विधार्थी परिषद के नगर उपाध्यक्ष डा. ललित कुमार झा, डा.राजेश कुमार, नगर मंत्री शिवम साह , कॉलेज मंत्री अभिषेक झा, नगर कार्यकारणी प्रिंस कश्यप आदि मौजूद थे।

# अररिया प्रखंड के बैरगाछी थाना क्षेत्र के भंगिया डायवर्सन के पास चिनी बोरा से भरी ट्रैक्टर की लूट

**दैनिक शुभ भास्कर अररिया जिला संवाददाता चंदन कुमार दास**

रात्रि 10:00 बजे के करीब में एक ट्रैक्टर मैं में चीनी का बोरा लोड था लगभग 4सौ बोरा चीनी लोड अपराधी घात लगाए बैठे घटना को दिया अंजाम हथियारबंद करीब एक दर्जन अपराधियों ने ड्राइवर को बंधक बनाकर चीनी का बोरा लूट लिया और फिर गाड़ी का अररिया कुसार्काटा मार्ग बोची,, ईदगाह के पास गाड़ी को खड़ा कर दिया फिर सूचना मिलते ही बैरगाछी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने दल बल के साथ पहुंचकर घटना का जायजा लिया फिर ट्रैक्टर को अपना हिरासत में लेते हुए बैरगाछी ओपी थाना प्रभारी मनीष कुमार डीएसपी पुष्कर कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी जांच पड़ताल



जारी है जानकारी के अनुसार इसमें 4 लाख चीनी की बोरी की हुई लूट एवं ड्राइवर बताया जा रहा है कि अपराधी ने गोली मारकर जख्मी कर हो गई फरार जख्मी ड्राइवर की इलाज रथ पूर्णिया आईसीयू में हो रही है

# जिला स्थापना दिवस एवं 26 जनवरी 2023 की पूर्व तैयारी को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई

**मासूम रजा जिला संवादाता दैनिक शुभ भास्कर**

प्रभारी जिला पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री मनोज कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला स्थापना दिवस एवं 26 जनवरी 2023 की पूर्व तैयारी को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में प्रभारी जिला पदाधिकारी द्वारा जिला स्थापना दिवस समारोह एवं गणतंत्र दिवस समारोह 2023 को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला स्थापना दिवस मुख्य समारोह टाउन हॉल अररिया में आयोजित किया जाएगा। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर दिनाक 14.01.2023 को स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकलाने, सभी विभागों को टाउन हॉल परिसर में स्टॉल लगाने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं 26 जनवरी 2023 को




मुख्य समारोह (नेताजी सुभाष स्टेडियम, अररिया) पर झंडोत्तोलन किया जायेगा। समारोह में भाग लेने वाले महानुभावों को आमंत्रण ई-कार्ड के माध्यम से भेजा जायेगा। समारोह में परेड में भाग लेने वाले जवानों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा।समारोह स्थल पर साफ सफाई हेतु कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अररिया को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कार्यपालक पदाधिकारी भवन निर्माण को समारोह स्थल वेरी कटिंग सहित अन्य व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वरीय उप समाहर्ता सह प्रभारी पदाधिकारी सामान्य प्रशाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी वरीय उप समाहर्ता कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद एवं संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# देवघर : बैंक गार्ड के साथ थाना प्रभारी की दबंगई, पहले की पिटाई फिर डाला जेल में

**दैनिक सुभ भास्कर संवाददाता अरविन्द यादव देवीपुर**

देवघर में नगर थाना प्रभारी रतन कुमार सिंह की दबंगई सामने आई है. पंजाब नेशनल बैंक के गार्ड अशोक यादव की पिटाई करने के बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायीक हिरासत में भेज दिया गया. पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया था. घटना के विरोध में बैंकर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मिला और गार्ड को न्याय दिलाने की मांग रखी.देवघर (ऊ्रडक्र्रळअफ) : देवघर में नगर थाना प्रभारी रतन कुमार सिंह की दबंगई सामने आई है. पंजाब नेशनल बैंक के गार्ड अशोक यादव की पिटाई करने के बाद उसे



गिरफ्तार कर न्यायनिक हिरासत में भेज दिया गया. पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया था. घटना के विरोध में बैंकर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मिला और गार्ड को न्याय दिलाने की मांग रखी.ठ मामले की जानकारी देते हुए पंजाब नेशनल बैंक में कार्यरत बैंक कर्मी द्वारा बताया गया कि गार्ड अशोक यादव द्वारा ईमानदारी पूर्वक सोमवार को अपना ड्यूटी कर रहा था. इसी बीच बैंक परिसर में फिजिकल वेरीफिकेशन के लिए नगर थाना प्रभारी रतन कुमार सिंह अपने पुलिस बल के साथ बैंक परिसर में पहुंचे थे. थाना प्रभारी द्वारा बैंक परिसर का निरीक्षण किया जा रहा था. इसी बीच बंदूकधारी जवान बैंक परिसर में घुस गए. आर्म्स लेकर घुसे जवान को गार्ड द्वारा गेट के बाहर रहने की अपील की गई. इसी बात पर थाना प्रभारी को गुस्सा आ गया और उसने गार्ड का कॉलर पकड़कर घसीटते हुए जमकर पिटाई कर दी. थाना प्रभारी के द्वारा अपने बैंक के गार्ड की पिटाई होता देख इसके बचाव में बैंक कर्मी सामने आए. लेकिन उनके साथ भी पुलिस कर्मी द्वारा बदसलूकी की गई. सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में प्रभारी द्वारा गार्ड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. पुलिस पदाधिकारी की दबंगई का पूरा मामला बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया. बैंक एसोसिएशन गार्ड के साथ थाना प्रभारी की गुंडई का विरोध किया जा रहा है. गार्ड को छोड़ने और दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग को लेकर बैंकर एसोसिएशन द्वारा सीसीटीवी फुटेज के साथ उपायुक्त से मिला गया. बैंकर्स एसोसिएशन के द्वारा इनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं किए जाने पर गई बैंक कलम बंद हड़ताल पर चले जाने की चेतावनी दी गई. इधर जिला के एसपी सुभाष चंद्र जाट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने स्तर से जांच करवा रहे हैं. गौरतलब है कि गिरफ्तार गार्ड अशोक यादव फौज से रिटायरमेंट के बाद गार्ड की नौकरी कर रहा है. एक सार्वजनिक स्थान वो भी बैंक परिसर में बंदूक के साथ घुसना कितना वाजिब है यह कानूनविद ही बता सकते हैं. लेकिन बैंक परिसर के अंदर पुलिस की कार्यशैली कहीं से भी जायज ठहराया नहीं जा सकता. वहीं दूसरी तरफ गार्ड का काम बैंक की सुरक्षा करना है लेकिन गार्ड अपने काम में कितना सजग है वो भी सीसीटीव में देखा जा सकता है. गार्ड को गेट पर रहना चाहिए था लेकिन वो आराम से बेंच पर बैठा हुआ था. अब जांच के बाद ही पता चलेगा कि गलती किसकी है.।

# व्यापार मंडल चुनाव को ले पहले दिन दो अध्यक्ष व दस प्रबंध समिति पद के लिए हुआ नामांकन

प्रखंड के उमगांव व्यापार मंडल की चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है.आगामी 18 जनवरी को होने वाले व्यापार मंडल चुनाव को लेकर प्रथम दिन अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मदिवारों ने नामांकन पर्चा दायर किया. जिसमें सिसौनी पंचायत के पक्ष अध्यक्ष सुमन झा व निवर्तमान अध्यक्ष श्रवण झा शामिल है. वहीं प्रबंध समिति के लिए कुल दस लोगों ने अपना पर्चा दाखिल किया है.जिसमें 9 पुरूष व एक महिला शामिल है. इस संबंध में निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ कृष्ण मुरारी ने बताया कि तीन व चार जनवरी को नामांकन प्रक्रिया संपन्न किया जायेगा. उसके बाद छह व सात जनवरी को समीक्षा, नौ जनवरी को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है. तथा 18 जनवरी को मतदान के उपरांत शांतिपूर्ण ढंग से कड़ी सुरक्षा



के बीच मतगणना संपन्न कराया जायेगा. नामांकन प्रक्रिया में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सतीश प्रसाद वर्मा, बीएओ प्राणनाथ सिंह, शैलेन्द्र झा, मनोज मौर्या व जीतेन्द्र किशोर सहित कई कर्मी प्रतिनियुक्त थे.

# 12 सूत्री मांगों के समर्थन में नक्सलबाड़ी प्रखंड भाजपा ने नक्सलबाड़ी बीडीओ को सौंपा ज्ञापन




सिलीगुड़ी, खोरीबाड़ी । भारतीय जनता पार्टी नक्सलबाड़ी प्रखंड की ओर से 12 सूत्री मांगों के समर्थन में नक्सलबाड़ी बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा है।इससे पूर्व भाजपा कार्यकताओं ने नक्सलबाड़ी से एक रैली के माध्यम से बीडीओ कार्यालय पहुंचे, जहां उन लोगों ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारोइ व मनोरंजन मंडल, मंडल कमिटी अध्यक्ष शत्रुघ्न साहनी, केशव बर्मन, गौतम घोष, सिस्नु उरांव, अरूप सेन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। इस संबंध में भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप बारोइ ने कहा कि आवास योजना से गरीबों के नाम हटाये गए हैं। इतना ही नहीं जो लोग भाजपा से जुड़े है। उनका नाम भी काट दिया गया है। मद्देनजर आवास योजना, किलाराम जोत सहित प्रखंड के विभिन्न इलाकों में पेयजल परियोजना की व्यवस्था करने सहित कुल 12 सूत्री मांगों के समर्थन में बीडीओ को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि अगर गरीबों को घर नहीं मिला तो आने वाले दिनों में बृहद आंदोलन करेंगे।

# गाड़ी के गुप्त चेंबर से 43 किलो गांजा बरामद, चार गिरफ्तार

सिलीगुड़ी, । मादक पदार्थ की तस्करी का पदार्फाश करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सोमवार शाम को एनजेपी थाना की सादे पोशाक पुलिस ने फूलबाड़ी गाजोलडोबा कैनल रोड संलग्न पुटिमारी इलाके में अभियान चलाकर मादक पदार्थ की तस्करी से पहले भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। इस घटना में चार लोगों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के नाम पवित्रो बर्मन, निलकमल सरकार, निर्मल दास और देवाशीष सरकार है। ये चारों कूचबिहार के निवासी बताये गये है। मिली जानकारी अनुसार कूचबिहार से चार लोग एक फोर व्हीलर गाड़ी में गांजा छुपा कर नदिया में तस्करी के लिए ले जा रहे थे। इसकी खबर मिलते ही एनजेपी थाना की सादे पोशाक पुलिस ने फूलबाड़ी गाजोलडोबा कैनल रोड संलग्न पुटिमारी इलाके में अभियान चलाया और एक फोर व्हीलर गाड़ी



को संदेह तौर पर रोककर तलाशी ली। इस दौरान गाड़ी के गुप्त चेंबर से 43 किलो गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे की अनुमानित बाजार कीमत करीब पांच लाख रुपये है। आज आरोपियों को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# देश के पूर्व रेलमंत्री व मिथिला की शान के नाम से जाने जाने वाले स्व ललित नारायण मिश्र की 49वीं पुण्यतिथि मनाया

फारबिसगंज : देश के पूर्व रेलमंत्री व मिथिला की शान के नाम से जाने जाने वाले स्व ललित नारायण मिश्र की 49वीं पुण्यतिथि पर बलुआ स्थित उनके निवास पर बिहार सरकार के द्वारा आयोजित राजकीय बलिदान दिवस कार्यक्रम में शिरकत कर एक पहल के संस्थापक ई आयुष अग्रवाल ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत बिहार सरकार में जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, अररिया के पूर्व सांसद सुखदेव पासवान कोशी क्षेत्र के एमएलसी अजय सिंह, जहूर आलम व अन्य ने संयुक्त रूप से किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी आगुनतकों को मिथिला के सुप्रसिद्ध महंत धमेंद्र झा के द्वारा मंत्रोचार कर बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना कराई गई एवं उसके उपरांत कार्यक्रम




की शुरूआत हुई। एक पहल के संस्थापक ई आयुष अग्रवाल स्व मिश्रा के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि न सिर्फ. बिहार की धरती वरन पूरा देश उनके द्वारा किए गए कार्यों का ऋणी है। आज अगर सहरसा रेल खंड की कल्पना भी हम सभी कर पा रहे हैं तो वह स्व मिश्रा की देन है। श्री अग्रवाल ने कहा कि स्व मिश्रा की कल्पना परिवर्तन के पक्ष में रहती थी एवं अगर वह रहते तो सहरसा रेल छावनी में तब्दील हो गया होता जिसका सुगम प्रभाव सीमांचल के लोगों को भी मिलता। श्री अग्रवाल ने कहा कि स्व मिश्रा दूरदर्शी सोच के थे एवं उनके अंदर जितना राजनीतिक गुण था उससे कई ज्यादा सामाजिक गुण था। वे प्रतिभा को पहचानने का विशेष कला रखते थे जिसका जीता जागता प्रमाण यह था कि जब वे फोरेन ट्रेड के मंत्री रहे उस समय डा. मनमोहन सिंह को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया था जो बाद में जाकर देश के प्रधानमंत्री पद को सुशोभित किए। अपने सम्बोधन में मंत्री संजय झा ने कहा कि ललित बाबू को किसी एक क्षेत्र से सिर्फ.जोड़कर नहीं देखा जा सकता। वे जनता के नेता थे और उनके कामों के चलते हर क्षेत्र के लोग उनको अपना समझते थे। उनके द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा आज भी हर विभाग में होती। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों में स्व मिश्रा के पुत्र संजय मिश्र, पोता संजीव मिश्रा एमएलसी, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सुपौल के नव निर्वाचित मुख्य पार्षद, प्रमुख, मुखिया, मुखिया प्रतिनिधी, अमन झा, धीरज रंजन व अन्य सम्मानित ग्रामीण मौजूद रहे।

# खाद की किल्लत एवं कालाबाजारी से किसान हो रही परेशान

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,किसनपुर, सुपौल**

जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत एक और सरकार किसान को अनुदानित दरों पर बीज विभाग के द्वारा किसान को कई तरह की योजना चला रही है।लेकिन अधिकारियों की अनदेखी की वजह से 266 रुपए में बिकने वाला यूरिया बाजार में खुलेआम साढ़े तीन सौ 350 में बिक रही है। इससे किसान परेशान हैं। प्रखंड क्षेत्र में यूरिया की किल्लत से अभी किसान परेशान दिख रही है । किसान यूरिया की बिलिंग कराने के लिए सारा कामकाज को छोड़ कर सुबह से कतार में खड़े होने के बावजूद भी यूरिया नहीं मिल पा रहा है। मंगलवार की अहले सुबह से



प्रखंड परिसर स्थित ई किसान भवन के सामने लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। लेकिन दोपहर 12 बजे तक कोई दुकानदार के द्वारा खड़े किसानों को यूरिया देना तो दूर आश्वासन तक नहीं मिला, यूरिया कब मिलेगी।किसान अशर्फी मंडल ,जगन्नाथ मंडल, मुकेश कुमार साह ,संजय सूतिहार ,उमेश सूतिहार ,जोगिंदर मंडल, परुसुराम मंडल आदि किसानों ने बताया कि 31 दिसंबर को ही हम लोगों का आधार कार्ड और किसान रजिस्ट्रेशन जमा लिया गया था और कहा था कि जनवरी महीने में आप लोगों को यूरिया दे दिया जाएगा। जिसके बावजूद हम लोग सुबह से लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। लेकिन हम लोगों को यूरिया नहीं मिला है। किसानों ने बताया कि पटवन के बाद गेहूं का पौधा यूरिया के अभाव में खराब होने लगा है 1 सप्ताह से अधिक बीत गया है गेहूं पटवन को उसके बावजूद भी यूरिया नहीं मिल पा रहा है।हम लोग यूरिया के लिए कतार में खड़े होकर बिलिंग कराने के इंतजार में खड़े हैं लेकिन दुकानदार का कोई अता पता नहीं है।उसके बाद किसानों ने बिडिओ राजकुमार चौधरी के पास गया और यूरिया नहीं मिलने को लेकर उनके पास शिकायत की तो बीडीओ श्री ने बताया कि कृषि पदाधिकारी से बात कर जल्द ही यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा।उधर बी एओ राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि दुकानदार का तबीयत खराब रहने के कारण दुकानदार को आने में लेट हुई है कहा कि आज 400 सौ बैग यूरिया उपलब्ध है । जहां किसानों को दे दिया जाएगा । उन्होंने बताया कि यूरिया की रैक लगी हुई है कल याणी बुधवार को प्रखंड में 1133 बैग यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा उसके बाद किसानों को पर्याप्त मात्रा में सरकारी दर पर यूरिया दिया जाएगा।

# मुखिया पति विकास कुमार पर अपराधियों ने किया जानलेवा हमला

**राजीब मिश्रा/दैनिक सुभ भास्कर, करजाईन(राघोपुर)सुपौल**

जिले में राघोपुर प्रखंड के करजाईन थाना क्षेत्र अंतर्गते हरिराहा पंचायत के मुखिया पति समाजसेवी विकास कुमार टुनटुन के ऊपर सिमराही से घर लौटने के क्रम में जानलेवा हमला किया गया। हालांकि मुखिया पति इस घटना में बाल-बाल बच गए। इस बारे में मुखिया पति विकास कुमार यादव उर्फ टुनटुन ने बताया कि सोमवार की देर संध्या में सिमराही से घर लौटने के क्रम में हरिरहा- फकीरना मार्ग पर निमार्णाधीन सड़क के बीच डायवर्सन के पास अज्ञात दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अपराधियों द्वारा ताबड़तोड़ गोली



चलाई गई। स्कॉर्पियो गाड़ी वह खुद चला रहे थे तथा उनको निशाना बनाकर चार-पांच राउंड गोली चलाई गई। जिसमें एक गोली आगे से एवं दूसरी गोली चालक सीट के शीशे को छेदते हुए इनके जैकेट एवं मफलर में छेद कर निकल गए। अपराधियों ने कुछ दूर तक इनका पीछा कर फायरिंग की,बाद में बस्ती के नजदीक आने पर अपराधी भाग निकले।इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना तुरंत ही करजाईन थाना को दी गई। सूचना मिलते ही करजाईन थानाध्यक्ष संजीव कुमार दल बल के साथ एवं डीएसपी वीरपुर पंकज कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे तथा छानबीन शुरू कर दी। घटना के बाद मुखिया के घर पर सुबह से ही लोगों का तांता लगा हुआ है। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों ने घटना की निंदा करते हुए अविलम्ब अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वही घटना के बाद मुखिया परिवार दहशत में है। इस बारे में करजाईन थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मौके से तीन खोखे बरामद हुए हैं। पुलिस जांच में जुटी है।

# प्रखंड के बलुआ में राजकीय सम्मान के साथ मनी भारत सरकार के पूर्व रेल मंत्री ललित बाबू की पुण्यतिथि

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत भारत सरकार के पूर्व रेल मंत्री स्व. ललित नारायण मिश्र की 49 वीं पुण्यतिथि 3 जनवरी मंगलवार को उनके पैतृक गांव बलुआ बाजार स्थित समाधि प्रांगण में राजकीय सम्मान के साथ मनाया गया। जिसमें सरकार के प्रतिनिधि के रुप में बिहार सरकार के मंत्री संजय झा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत आचार्य पंडित धर्मेंद्र नाथ मिश्र के वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ ललित बाबू के छाया चित्र पर संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि सुपौल जिला प्रभारी मंत्री सह जल संसाधन मंत्री संजय झा, डीडीसी मुकेश कुमार, एसपी डी अमरकेश, एमएलसी अजय कुमार सिंह, राघवेंद्र झा राघव आदि ने द्वीप प्रज्वलित कर किया । जिसके बाद मुख्य अतिथि समेत मंचासीन अन्य वक्ताओं ने अपनी बात रखी। यहां बता दें कि बलिदान दिवस के रूप में मनाई जाने वाली स्व. ललित बाबू की पुण्यतिथि का आगाज सर्वधर्म की स्तुति प्रार्थना से हुई। जिसके बाद मंत्री समेत अन्य अतिथियों ने ललित नारायण शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद पुलिस के जवानों ने शोक सलामी के तहत गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी। इसके साथ ही मंत्री समेत अन्य पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने ललित बाबू के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर



उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मंत्री श्री झा,डीडीसी,एसपी, पूर्व सांसद सुखदेव पासवान सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावे बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य लोग वहां पहुंच इस कार्यक्रम के साक्षी बने। सुपौल जिला प्रभारी मंत्री सह जल संसाधन मंत्री संजय झा ने कहा कि ललित बाबू सदैव अपने अच्छे कार्यों के लिए जाने जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे का सपना साकार करने तथा बिहार को विकसित करने में ललित बाबू की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि ललित बाबू के हत्या के 48 साल बीत जाने के बाद भी लोग ललित नारायण मिश्र को आज भी कोशी पुत्र तथा विकाश पुत्र के नाम जानते है। कहा कोशी मिथिलांचल में कोई भी आएं ललित बाबू की याद सभी को सबसे पहले आती है। उन्होंने कहा कि ललित नारायण मिश्र की हत्या मामलें के 48 साल बीतने के बाद भी ललित बाबू वाली घटना की पूरी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नही हुआ है। उन्होंने घटना मामलें की जांच रिपोर्ट सामने करवाने की मांग किया । उन्होंने कहा कि ललित बाबू बड़ी हस्ती थी। लेकिन उनके साथ हुई घटना की खुलासा अब तक नही हो सका है। उन्होंने कहा कि ललित बाबू के हत्या मामलें के 48 साल बीत जाने के बाद भी मिथिलांचल में सबसे पहले ललित बाबू की नाम ली जाती है। सामारोह के दौरान मंत्री श्री झा ने कहा कि ललित बाबू के बताए मार्ग और उसके सपने को साकार करने के लिए तमाम कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा था कि मैं रहूं या ना रहूं ..बिहार आगे बढ़ कर रहेगा..। उनकी ये सोच आज मूर्त रूप में लोगों को देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि ललित बाबू का जो काम व कृति था वो सभी जानते है। उन्होंने बताया कि ललित बाबू के बारे में कुछ कहना सूर्य को दिया दिखाने के बराबर है। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री के कार्यकाल में ललित बाबू को जो दायित्व मिला। उक्त कार्य को उन्होंने पूर्ण दायित्व के साथ किया। उन्होंने बिहार के लिए जो कार्य किया वो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हत्या से पूर्व में ललित बाबू को कुछ आभास हुआ था कि उनके साथ कभी भी कुछ अनहोनी हो सकती है। जिसके तहत ही उन्होंने मैं रहूं न रहूं बिहार बढ़ कर रहेगा ये युक्ति कही थी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के मंत्री को बम से उड़ा दिया गया था। लेकिन दुर्भाग्य है कि ललित बाबू जैसे महान शख्शियत के हत्या मामलें का सही से जांच नही हो सका है।

## हटवारिया में छोटी नहर बांध टूटने से लगभग 20 बिगहा खेत में लगी गेहूं- मक्का की फसल बर्बाद,किसानों में आक्रोश

**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,पिपरा, सुपौल**

जिले में पिपरा प्रखंड के निर्मली पंचायत स्थित हटवरिया छोटी नहर में सोमवार की रात पानी छोड़ने से निर्मली गांव के बहियार में टूट गया रात में नहर टूटने से लगभग 20 से 25 बीघा गेहूं मक्का की फसल पानी में डूब गया है। बता दें कि सहरसा उपशाखा बड़ी नहर में पानी है। जिससे छोटी नहर में पानी वितरण किया जाता है। छोटी नहर सिंचाई विभाग की ओर से लगभग एक महीने से सफाई की जा रही है। सफाई पूर्णरूपेण नहीं हुआ है। और सोमवार की रात में एकाएक छोटी नहर में पानी छोड़ देने टूटे हुए जगहों पर नहर का पानी निकलने लगा जिससे गेहूं एवं मक्का के खेत में पानी लगने से फसल बर्बाद होने का डर है ।सिंचाई विभाग के जेई गौतम पासवान ने



बताया कि नहर सफाई का कार्य चल रहा है पानी खोलने का मुझे भी जानकारी नहीं है। जानकारी मिली है। फाटक पर मौजूद सिंचाई विभाग के कर्मी से बात कर रहे हैं किसानों की सुविधा के अनुसार कोई दिक्कत नहीं हो पानी को अभिलंब बंद करवाया जाएगा।

# जल-जीवन हरियाली दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर,सुपौल**

जिले के समाहरणालय स्थित सभागार भवन, सुपौल में जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत जल-जीवन-हरियाली दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री विधु भूषण चौधरी, अपर समाहर्ता सुपौल, मो0 वसीम रजा, वरीय उप समाहर्ता सुपौल, श्री अभिषेक रंजन, वरीय उप समाहर्ता सुपौल, श्री अभिषेक कुमार , जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, सुपौल एवं जल-जीवन-हरियाली अभियान से जुड़े हुए अन्य सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। राज्य स्तर पर ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में ज्ञान भवन, पटना में आयोजित उक्त कार्यक्रम में सभी



जिले के पदाधिकारी/ कर्मी/जनप्रतिनिधि वेबकास्टिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। उक्त कार्यक्रम को राज्य स्तर पर विभिन्न विभागों के माननीय, मंत्री एवं विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा संबोधित किया गया। उक्त कार्यक्रम में माननीय, मुख्यमंत्री, बिहार सरकार द्वारा जल-जीवन-हरियाली विषय पर प्रकाश डालते हुए इसके दूरगामी परिणाम पर सभी को अवगत कराया गया। उनके द्वारा बताया गया कि जल-जीवन-हरियाली अभियान का समुचित क्रियान्वयन राज्य के साथ-साथ देश के लिए भी आवश्यक है। पर्यावरण संतुलन, जल संरक्षण, वायु प्रदूषण से बचाव आदि के लिए जल-जीवन-हरियाली अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका है। माननीय, मुख्यमंत्री, महोदय द्वारा जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत कुल 11 अवयवों पर कार्य करने हेतु सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी को निदेशित किया गया। साथ ही इस अभियान का आम लोगों में प्रचार-प्रसार कराने का भी निदेश दिया गया।

## भुना मजगामा पंचायत के मजगामा गांव वार्ड संखिया 03 भैंस सहित चोर को ग्रामीणों ने रंगे हात पकरा पुलिस को दी सूचना



**रिपोर्टर हयात दानिश**

जोकीहाट प्रखंड छेत्र अंतर्गत भुना मजगामा पंचायत के मजगामा गांव वार्ड संखिया 03 से भैंस चोरी होगई चोर भैंस चुरा कर पोखरया रहिका टोला पहोच गया वहीं स्थानीय लोगों को इसकी सूचना जैसे ही मिली लोग आनन फानन मे पोखरिया रहिका टोला पहोच कर रंगे हात भैंस सहित चोर को पकर कर रंगे हात मजगामा लेआई फिर लोगों ने इसकी सूचना महलगाव थाना पुलिस को दिया दरअसल चोर भैंस को खोलकर चोरी कर किसी तरह भाग रहा था वही लोगों की निशानदेही पर चोर सहित भैंस को बरामद किया गया है

# कटेया गोठ में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का

**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,पीपरा,सुपौल**

जिले के पिपरा प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत कटैया माहे पंचायत स्थित कटैया गौठ में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ मंगलवार को भारतीय नौ सेना के सेवा निवृत्त कर्नल दिवाकर प्रसाद यादव ने फीता काट कर किया. इस अवसर पर उन्होंने खिलाडियों एवं दर्शकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल बहुत जरूरी है। यहीं नहीं खेल आपसी भाईचारा को भी मजबूती प्रदान करता है। इस मौके पर संतोषानंद यादव, ब्रह्मदेव शर्मा, सुनील यादव, विवेकानंद यादव, अमोल यादव, प्रवेश यादव, गोपाल यादव, अरविंद



यादव, पंपल सिंह, संजय यादव आदि मौजूद थे.उद्घाटन मैच जमशेद इलेवन सिसौनी व फ्रैण्ड्स इलेवन थुमहा के बीच खेला गया जिसमें जमशेद इलेवन सिसौनी ने फ्रैण्ड्स इलेवन को 33 रनों से हराया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जमशेद इलेवन सिसोनी की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट पर 145 रन बनाया. जिसमें बल्लेबाज दीपक ने 25 रन, विष्णु 21 रन तथा सबाब व साजिद ने 17- 17 रनों का योगदान दिया. फ्रैण्डस इलेवन थुमहा की और से राजा 3 विकेट, राजीव व सूरज ने 2- 2 विकेट लिया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रैण्डस इलेवन थुमहा की टीम 15 ओवर में 9 विकेट पर 112 रन ही बनाया. फ्रैण्डस इलेवन थुमहा की और से सुरेश 16 रन, राजू 34 रन तथा बिजेंद्र ने 13 रनों का योगदान दिया. जमशेद इलेवन की और से तौकिर 4 विकेट तथा आमोद को 2 विकेट मिला. मैच में मैंन ऑफ द मैच तौकिर को दिया गया. मैच में निर्णायक मे बिनोद कुमार रंगीला व अमृत राज थे.

## कुसाकांटा प्रखंड कोहरे और सर्द हवा से ठंड का कहर जारी

कुसाकांटाः कुसाकांटा प्रखंड कोहरे और सर्द हवा से ठंड का कहर जारी है। बीते पांच दिन से मौसम की बेरुखी बढ़ती जा रही है। कोहरे के चलते ठंड में लगातार इजाफा हो रहा है। दिन भर सर्द हवाओं के चलते दोपहर बाद निकली धूप भी लोगों को किसी तरह की राहत नहीं दे सकी। रविवार को सुबह से घने कोहरे के साथ ही सर्द हवा ने लोगों को कंपाया भी और कदम रोके रखा। लोग ठंड से बचाव के लिए खुद से अलाव का इंतजाम करते दिखे। बीते गुरुवार की रात से ही कोहरे का प्रकोप शुरू हो गया था। शुक्रवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा। धुंध और कोहरे के चलते दृश्यता तकरीबन दस मीटर तक सिमट गई। दोपहर बाद ही कुछ देर के लिए लोगों को सूर्य के दर्शन हुए। बदली के चलते यह धूप बेअसर रही। वहीं शाम होते ही सर्द हवाओं ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया और देर शाम फिर कोहरा गिरने लगा। सर्दी मौसम ने अब पूरे प्रखंड को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। ठंड लगातार बढ़ता जा रहा है और सर्दी के सितम से सहमे लोग घरों में कैद रहने को विवश हैं। मौसम की बेरुखी से सार्वजनिक जगहों पर शाम ढलते ही सन्नाटा छा जाता है। जरूरी काम से ही लोग बाहर निकल रहें हैं कुसाकांटा प्रखंड का अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 08 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम में आ रहे बदलावों और ठंड बढ़ने से बच्चों और बूढ़ों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इतनी परेशानी होने के बाद भी अभी तक प्रशासन की ओर से न तो कंबल वितरण का कार्य शुरू किया गया है न ही सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे हैं।

## जेबीसी नहर में 10 वर्षीय बच्चे का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

**भरगामा / अररिया** भरगामा प्रखंड के कुशमौल अंतर्गत अहले सुबह जेबीसी नहर में 10 वर्षीय बच्चे का शव तैरता नजर आया। शव को देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई एवं ग्रामीणों ने इसकी सूचना भरगामा थाना पुलिस को दिया। त्वरित घटनास्थल पर भरगामा थाना पुलिस पहुंचकर लोगों से जानकारी इकट्ठा किया। वहीं मृत बच्चे की पहचान मोहम्मद अशरफ उम्र 10 वर्ष, पिता मोहम्मद आजम गोखला पुर थाना नरपतगंज के रूप में हुई है। घटनास्थल पर मृत बच्चे के परिजन भी पहुंच गए और उन्हौने बताया कि पांच दिन असरफ अचानक गुम हो गया जिसकी खोजबीन की जा रहीं थी। आज अहले सुबह भरगामा पुलिस के सुचना पर कुशमौल जेबीसी नहर पर आकर देखा तो अपने पुत्र को मृत अवस्था में पाया। घटना को लेकर भरगामा थाना अध्यक्ष आदित्य कुमार



ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलने पर घटनास्थल पर शव के मामले में ग्रामीणों से पूछताछ की गई और शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## समाजसेवी के पत्नी के निधन पर समाजसेवी का लगा तांता

**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा/अररिया**

भरगामा के समाजसेवी देवनारायण सिंह की पत्नी आनंदी देवी का आकस्मिक निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थी। पिछले कुछ दिनों से आनंदी देवी बीमार चल रही थी। उनके निधन परे भाजपा नेता अशोक सिंह, राजेंद्र मिश्र, मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार मुन्ना, नित्यानंद मेहता, राजद नेता मुन्ना मेहता, जदयू प्रखंड अध्यक्ष नवीन प्रसाद श्रीवास्तव,ललित सिंह, सुबोध श्रीवास्तव,जदयू प्रवक्ता संजय मिश्र,भरगामा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दिनेश पासवान, पैक्स अध्यक्ष सूरज प्रताप,डीलर संघ अध्यक्ष लक्ष्मण. सिंह, विक्की श्रीवास्तव,बेचन चौधरी, मोहरिल शर्मा, सुशील पासवान, माधव यादव,सुनील मेहता,नरेश सहाय, विष्णुदेव पांडेय,जवाहर सिंह

# यूरिया के लिए मचा हाहाकार, किसान कर रहे हैं जद्दोजहद

**भरगामा / अररिया** सरकार के लाख दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर भरगामा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत किसानों में यूरिया के लिए हाहाकार मचा हुआ है। प्रखंड क्षेत्र के महथावा ,खजूरी,भरगामा, में यूरिया के लिए विभिन्न खाद वितरण केंद्रों पर किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। जबकि दुकानदारों ने बताया कि मांग के अनुरूप आवंटन नहीं होने के कारण उत्पन्न हुई यूरिया की किल्लत ने किसानों की नींद हराम कर दी है स्थिति यह हैं कि अहले सुबह लगभग 4 बजे से ही किसान यूरिया वितरण केंद्रों पर लाइन में खड़े होने के लिए मजबूर हो गए हैं कपकपाती ठंड के बीच अहले सुबह से ही किसान यूरिया लेने के लिए कई किलोमीटर दूर चलकर वितरण स्थल पर लाइन में लग रहे हैं। लाइन



में लगने में महिला किसान भी पीछे नहीं हैं। गेहूं और मक्के समेत अन्य फसलों में यूरिया डालने को लेकर किसान को बड़े पैमाने पर यूरिया की जरूरत हैं लेकिन यूरिया की कमी से किसान परेशान हैं किसानों को उनके मांग के अनुरूप यूरिया नहीं मिल पा रही हैं जिसका सीधा असर फसल पर हो रहा है सूर्योदय के बाद से काउंटर खुलने पर तक सुबह के 10 बजे के लगभग 1000 से अधिक किसान यूरिया के लिए जद्दोजहद करते देखे गए।

महिलाओं की भीड़ में दर्जनों बच्चियां भी शामिल थी यूरिया वितरण होने की सूचना को लेकर खाद के लिए सुबह से ही किसानों की लंबी-लंबी कतारें लग गई सुबह 8 बजे तक दुकान पर किसानों की लंबी कतारें लग जाती हैं।

# नगर थाना प्रभारी और पीएनबी के सिक्युरिटी गार्ड के बीच झड़प के मामले में वीडियो वायरल

**दैनिक शुभ भास्कर देवघर संवादाता / दिवाकर कुमार**

देवघर के नगर थाना क्षेत्र स्थित पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य शाखा के गार्ड और नगर थाना प्रभारी के बीच हुए झड़प का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज देखने से यह पता चल रहा है कि थाना प्रभारी एक पुलिसकर्मी के साथ बैंक के अंदर सुरक्षा जांच करने पहुंचे।इस दौरान बैंक के गार्ड ने थाना प्रभारी को अंदर जाने दिया, लेकिन पुलिसकर्मी को वहीं रोक दिया। अब सबसे बड़ा सवाल बैंक की सुरक्षा व्यवस्था का है। फुटेज में देखने से स्पष्ट पता चल रहा है कि बैंक का सिक्योरिटी गार्ड बैंक के प्रवेश द्वार पर अपनी ड्यूटी



स्थल में नहीं था। बैंक की सुरक्षा व्यवस्था में ड्यूटी देने के बजाय वह ब्रांच के अंदर बैठा हुआ था। सवाल यह है कि सिक्योरिटी गार्ड बैंक के प्रवेश द्वार पर क्यों नहीं था? दूसरा बड़ा सवाल यह है कि ड्यूटी पर रहने के वक्त बैंक के सिक्योरिटी गार्ड ने ना ही वर्दी पहनी थी और ना ही उसके पास कोई पहचान पत्र था। ऐसी स्थिति में बैंक की सुरक्षा में यह भारी चूक है। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि बैंक के सिक्युरिटी गार्ड के अपने कर्तव्य स्थल पर नहीं होने के कारण अगर कोई अप्रिय घटना घट जाती तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होता? झड़प के बाद बैंक के गार्ड को जेल भेजे जाने के मुद्दे की जांच करने डीसी मंजुनाथ भजंत्री बैंक पहुंचे। ज्ञात हो कि बैंक के गार्ड को जेल भेजे जाने के बाद बैंक यूनियन ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से मिलकर कार्यवाई की मांग की थी। बैंक यूनियन के नेताओं के दखल के बाद डीसी खुद मामले की जांच करने पहुंचे। डीसी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और इस मुद्दे पर न्यायसंगत कार्यवाई की जाएगी।

# डीबीएल कोल कंपनी के विरुद्ध निकाली रैली

**दैनिक शुभ भास्कर पाकुड़- अविनाश मंडल**

पाकुड़ में सोमवार को स्थानीय ट्रांसपोर्टरों ने डीबीएल कंपनी के विरोध में रैली निकाला। जिसमें डीबीएल कंपनी के वादा खिलाफी एवं शोषणपूर्ण रवैये के खिलाफ रैली निकाला गया। रैली सिदो कान्हु पार्क से समाहरणालय तक पहुंचा, जहां सभी ट्रांसपोर्टरों ने धरना दिया व नारेबाजी की। रैली में डीबीएल कंपनी होश में आओ, पीएसपीसीएल होश में आओ, कंपनी की तानाशाही नहीं चलेगी, डीबीएल अधिकारी की बदली बंद करो, सिंगल वेंडर नहीं चलेगा, डीबीएल के अधिकारी मुदार्बाद, स्थानीय को ट्रांसपोर्टिंग देना होगा आदि नारे लगाए गए। मौके पर मौजूद संतोष रजक, राहुल भगत, संजय रजक आदि ने बताया कि एमडीओ कोल कम्पनी डीबीएल के द्वारा किसी एक व्यक्ति को कोल परिवहन का जिम्मा देने के विरोध में स्थानीय बकायेदारों एवं ट्रांसपोर्टरों ने डीबीएल के विरोध में किया गया। ज्ञात हो कि पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक के ट्रांसपोर्टरों एवं बकायेदारों ने कोल कंपनी डीबीएल पर डीबीएल पर मनमानी, धोखाधड़ी बकाया भुगतान एवं सिंगल वेंडर बहाल करने की योजना का विरोध करते हुए बीते बुधवार से ही कोल खनन एवं परिवहन कार्य को ठप करा दिया गया है।

# प्रखंड कृषि कार्यालय पर यूरिया के लिए किसानों की जूटी भीड़

**दैनिक शुभ भास्कर किशनपुर (सुपौल)**

लालबहादुर यादव - प्रखंड में यूरिया खाद को लेकर स्थिति नियंत्रित होता नहीं दिख रहा है। लगातार खाद की बिक्री के बावजूद भी किसानों की भीड़ थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को भी किशनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन परिसर में यूरिया खाद के लिए किसानों की भीड़ जुटी रही। जहां प्रखंड कृषि पदाधिकारी राकेश मिश्रा ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न दुकानदारों के द्वारा लगातार यूरिया खाद की बिक्री जारी है। बावजूद किसानों का भीड़ नहीं थमना हैरत की बात है। दूसरी और उन्होंने कहा कि आवश्यकता अनुसार यूरिया खाद की आवंटन जारी की गई है। लेकिन हॉलसेलर दुकानदारों के द्वारा तीव्र



गति से खुदरा दुकानदारों को खाद का मुहैया नहीं कराया जाना किसानों के भीड़ का यह भी एक कारण दिखाई दे रहा है। दूसरी और यूरिया खाद के मूल्य को लेकर भी मनमाने पन देखी जा रही है। जहां निर्धारित मूल्य 266 प्रति बैग में यूरिया की बिक्री किया जाना है। वहीं अधिकांश दुकानदार 350 रुपया प्रति बैग यूरिया खाद की बिक्री कर रहे हैं। दुकानदारों की माने तो उन्हें 300 रुपया प्रति बैग हॉलसेलर के द्वारा ही दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में भाड़ा एवं कुछ मुनाफा लेकर प्रति बैग 350 में बिक्री करना उनकी मजबूरी बनी हुई है। मामले को लेकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है यूरिया खुदरा दुकानदारों को निर्धारित मूल्य पर ही दिया जाता है। उन्होंने कहा कि दुकानदार मनगढ़ंत बातें करते हुए भीड़ का फायदा उठाकर किसानों से नाजायज लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी किसान लिखित रूप में इसकी शिकायत करते हैं तो निश्चित तौर पर सबंधित दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# डीइबीइएलइ के अधिकारी धनंजय कु. झा ने डीबीएल कंपनी के ही जेइपीइ राय सुरक्षा अधिकारी पर कराई प्राथमिकी दर्ज

**रिपोर्टिंग-अविनाश मंडल**

पाकुड़/अमड़ापाड़ा पचवारा सेंट्रल कोल ब्लॉक के डीइबीइएलइ के अधिकारी ने कंपनी के सुरक्षा अधिकारी जेपी राय के विरुद्ध आमडापाड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है, डीइबीइएलइ के एइबीइपीइ धनंजय झा ने सुरक्षा अधिकारी जेपी राय एवं जीएम राधारमण राय के ऊपर गाली गलौज और अवैध पैसों की मांग को लेकर आरोप लगाते हुए आमडापाड़ा थाना मे प्राथमिकी दर्ज करवाई है। क्या है मामला -आवेदक डीबीएल कंपनी के एबीपी धनंजय झा के लिखित आवेदन के अनुसार बीते 26 दिसंबर शाम 6 बजे डीबीएल कंपनी के जीएम राधारमन राय के निर्देश पर




इनके अधीन डीबीएल कंपनी के सुरक्षा अधिकारी जेइपीइ राय मेरे कार्यालय में अपराधिक रूप से घुस कर धमकी देने लगे एवं बिना काम किए बंद अवधी का एवं अन्य अवैध पैसों का मांग करने लगे उक्त अवैध पैसों की मांग करने के समय जीपी राय पूर्णनियोजित तरीके से वीडियो रिकॉर्डिंग करने लगे तथा उत्तेजित भाषा का प्रयोग कर हम लोगों से अवांछित स्टेटमेंट प्राप्त करने का प्रयास करने लगे एवं हम लोगों का बातचीत का वीडियो बनाकर बातों को तोड़ मरोड़ कर कंपनी की हेड ऑफिस भोपाल में भेज कर मुझे बदनाम कर मेरा सेवा पर विपरीत प्रभाव डालते हुए मेरी गरिमा एवं प्रतिष्ठा को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। जिसको लेकर अमड़ापाड़ा थाना में डीबीएल कंपनी के एइबीइपीइ धनंजय झाइ ने जेइपीइ राय के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन, सिंचाई कुप निर्माण, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया

**रिपोर्टिंग-अविनाश मंडल**

पाकुड़। समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को उपायुक्त वरूण रंजन ने विभिन्न विभागों के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति कार्य की क्रमवार समीक्षा की। उपायुक्त वरूण रंजन ने मनरेगा और पीएम आवास योजना समेत अन्य योजनाओं की प्रखंडवार पूरी जानकारी ली। उपायुक्त ने लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया। बैठक में उपायुक्त ने पीएम आवास योजना, ग्रामीण के तहत वर्ष 2016-22 तक में प्राप्त लक्ष्य, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना और वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजनाओं की प्रगति की



जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कई दिशा निर्देश दिये सभी विभाग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने मनरेगा की योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ऐसे योजनाएं जिनके कार्य प्रगति धीमी पाई गई उनमे सुधारात्मक प्रगति लाने का निर्देश दिया।आगे, उपायुक्त ने पिछले दिनों दो चरणों में आयोजित आपकी सरकार, आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राप्त विभागवार आवेदनों के निष्पादन एवं लंबित आवेदन की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी विभागों को योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निष्पादन त्वरित करने को कहा। कहा कि इसकी प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें।मौके पर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार दास, जिला कल्याण पदाधिकारी विजन उरांव, जिला पंचायत राज पदाधिकारी महेश राम, जिला मत्स्य पदाधिकारी रचना निश्चल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती चित्रा यादव, श्रम अधीक्षक रमेश प्रसाद, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक, बीपीओ, प्रखंड समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम पहुंचे पाकुड़ कांग्रेस कार्यालय

**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल(पाकुड़)**

पाकुड़/पाकुड़ मे आज कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम कांग्रेस भवन में पहुँचे। पहुंचकर आगामी होने वाली 5 जनवरी को युवा कांग्रेस सम्मेलन के विषय में विचार विमर्श किया गया। जिसमें युवा कांग्रेस कार्यकताओं की काफी संख्या में उपस्थिति रही'

# पंचायत समिति ने असहाय के बीच किया कंबल वितरण



**मंडरो, साहिबगंज।** ठंड की दस्तक शुरू हो गयी है। गरीब, बेसहारा, जरूरतमंदों के लिए यह कठिन समय होता है। लेकिन कहते हैं न कि ईश्वर इस धरती पर किसी न किसी को निमित्त बनाकर जरूरतमंदों का ख्याल रखते हैं। इसी कड़ी में साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड अंतर्गत खैरवा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह बीस सूत्री सदस्य प्रेम मुर्मू के द्वारा पंचायत के मोतीलक्ष्मी, बड़खोरी, रानीडीह गांव के रहने वाले दर्जनों गरीब बेसहारा वृद्ध लोगों के बीच ऊनी कंबल का वितरण किया गया। इस संबंध में प्रेम मुर्मू ने बताया कि ठंड को देखते हुए लोगों के बीच ऊनी कंबल का वितरण किया गया है।

# सीपीआईएम कुंडहित लोकल कमेटी के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**दैनिक भास्कर अब्दुल रज्जाक रिपोर्ट**



कुंडहित (जामताड़ा)ः मंगलवार को मुख्यालय स्थित सिंचाई परिसदन में सीपीआईएम कुंडहित लोकल कमेटी के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के शाखा सचिवो और सदस्यो को कार्य एवं दायित्वो का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर बतौर प्रशिक्षक पार्टी के जिला सचिव लखनलाल मंडल उपस्थित थे। प्रशिक्षक श्री मंडल ने सदस्यों एवं शाखा सचिवों को पार्टी के कार्य दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही स्थानीय जनसमस्याओ पर भी चर्चा किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे यहां की सबसे बड़ी समस्या अजय बराज नहर है। कहा कि 1978 ई० में देवघर जिला के अंतर्गत सिकटिया में एक डैम बनाया गया था। डैम से सिंचाई के लिए जामताड़ा जिला के नाला और कुंडहित मे अजय बराज के नहर बना था। लेकिन 40 साल गुजर जाने के बाद भी नहर में पानी नहीं आया। कहा कि पार्टी सिंचाई के लिए जनता को लेकर जनआंदोलन करेंगी। ताकि हमारे किसान भाइयों को पानी मिल सके। कहा कि किसानों को पानी मिलने से खेतिहर मजदूरों के कार्य मिलेगा। किसानों को यहा पैसा आएगा। जिससे हमारा बाजार भी सुधरेगा और आमदनी भी बढ़ेगी। और हमारी जनता खुशहाल होगी। मौके पर सीपीआईएम के प्रखंड सचिव सुकुमार बाउरी के अलावे काफी संख्या में पार्टी सदस्य उपस्थित थे।

# गरीब असहाय परिवार को कब मिलेगा राशन सुनने वाला कोई नही है

**दैनिक शुभ भास्कर नाला प्रखंड से जगबंधु के रिपोर्ट**

नाला (जामताड़ा)ः नाला प्रखंड के मोरबासा पंचायत के अंतर्गत गोदापियाल के गरीब असहाय परिवार को बीते पांच महीनों से जनवितरण प्रणाली के अंदर ग्रीन कार्ड में राशन नहीं मिल रहा है।परिवार को मुखिया आगनी बाउरी, को कहना है की मेरे परिवार में 6 सद्यश है इसमें सिर्फ हम एक दैनिक मजदूर करने वाला बेक्ती हूं ,जिससे परिवार चलाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पढ़ रहा है।इससे पहले में कई बार ब्लॉक का चक्कर काटा हुं पर कुछ नही हुआ परिवार का कहना है की हम लोगो का भूख मारी की स्थिति हो गया है घर में जो राशन बचा हुआ था यह भी खतम हो चुका है इस साल खेती नहीं होने के कारण और खराब स्थिति उत्पन्न हो गया है।उसका कहना है की परिवार में चार गो बाल बच्चा है कभी कभी उन लोगो का तबियत भी खराब होता है



इस स्थिति में हम एक कमाई करने वाला बैक्ति कैसे परिवार को कैसे चला सकते। मेरे सरकार पास यह गुजारिश है की फिर से ग्रीन कार्ड में राशन मिले ताकि अपना परिवार के साथ अच्छे से जी सके।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता /अनिल कुमार**

देवघरः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देवघर द्वारा मंगलवार को सावित्रीबाई फुले की जयंती पर देवघर महाविद्यालय मुख्य गेट स्थित सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया और अभाविप कार्यकताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले देश में कठिन संघर्ष कर महिलाओं के लिए शिक्षा का द्वार खोलने का काम किया था जिसका परिणाम है कि आज भारत की महिलाएं देश ही नहीं विदेश में परचम लहरा रही है साथ ही महान समाज सुधारक ,भारत की प्रथम महिला शिक्षिका ,मराठी कवित्री, नारी सशक्तिकरण में अमूल्य योगदान देने वाली, वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाली महिला थी।मौके पर देवघर विभाग संयोजक शुभम राय ,जिला संयोजक प्रशांत शंकर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वरुण शर्मा, विनय राय, अभिजीत



सिंह, शुभम खवाडे, गोपाल कुमार, सौरभ पाठक ,प्रकाश महथा, संजीव झा ,चिरंजीवी मिश्रा ,राकेश रंजन, निलेश सिंह, अर्जुन सिंह, अजय शर्मा, राहुल यादव ,अभिनव चंद्रा, ललन कुमार शर्मा, राहुल श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे

# कॉलेज मोड़ के निकट चला वाहन तलाशी अभियान

**दैनिक शुभ भास्करअब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा):पुलिस अधीक्षक जामताड़ा के निर्देश पर कुंडहित पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार की शाम को कुंडहित थाने के एएसआई निताई कुमार दास के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कॉलेज मोड़ के निकट वाहन तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुर्गाबनी-राजनगर मुख्य सड़क पर आने जाने वाले दोपहिया वाहनों को रोककर उनकी जांच की गई। जांच के दौरान दो मोटरसाइकिल का चालान काटा गया है। जांचकर्ता पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक मोटरसाइकिल चालक के पास लाइसेंस नहीं था जबकि दूसरे के पास हेलमेट नहीं था।

# पुलिस निरीक्षक ने की अपराध गोष्ठी

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा) : कुंडहित सर्किल के पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय में मंगलवार को मासिक अपराध गोष्ठी हुई। इंस्पेक्टर देवेश कुमार भगत की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में कुंडहित, बागडेहरी तथा फतेहपुर के थाना प्रभारी मौजूद थे। बैठक के दौरान पिछले महीने की घटनाएं एवं अपराधों की समीक्षा की गई। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान इंस्पेक्टर श्री भगत ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में फरार वारंटियों एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी व लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। अपराध नियंत्रण की दिशा में थानो के विभिन्न इलाकों में संध्या गश्ती बढ़ाने के साथ ही स्थानीय लोगों से संपर्क कर पुलिस



पब्लिक मैत्रीपूर्ण संबंध को बरकरार रखने पर जोर दिया। इंस्पेक्टर ने कहा कि जनवरी महीने में पिकनिक स्पॉटो में भीड़-भाड़ होती है। इसके मद्देनजर पिकनिक स्पॉटो साथ ही आगामी त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। मौके पर कुंडहित थाना प्रभारी पंकज कुमार, फतेहपुर थाना प्रभारी आलोक कुमार तथा बागडेहरी के पुलिस अधिकारी चन्द्रिका राम उपस्थित थे।

# मनरेगा एवं पीएम आवास को लेकर बीडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक

**दैनिक शुभ भास्करअब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा)ःमंगलवार को प्रखंड सभागार में बीडीओ श्रीमान मरांडी की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक के दौरान पिछले निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा, के बाद लंबित आवास, जॉब डिमांड आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर वीडियो श्रीमान मरांडी ने प्रखंड के प्रत्येक गांव में 6 योजनाओं को संचालित करने के लिए कहा। कहा कि मनरेगा के तहत 100 दिन के आसपास कार्य करने वाले मजदूरों का डिमांड प्राथमिकता के तौर पर भरें ताकि उनका 100 दिन पूरा हो सके। कहा कि जिन योजनाओं का कार्य हो चुका है उनको एमआईएस शीट में बंद करें। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित आवासो का निर्माण पूर्ण करने



का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवास योजना के ऐसे लाभुक जो पहला किस्त उठाकर आवास का कार्य शुरू नहीं किया है ऐसे लाभुकों को नोटिस दिया जाएगा साथ ही सर्टिफिकेट केस भी किया जाएगा। मौके पर बीपीओ प्रदीप टोप्पो, प्रधानमंत्री आवास के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आशुतोष हांसदा, 15 वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक अनूप मंडल के अलावे मनरेगा लिपिक, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक बीएफटी आदि कर्मी उपस्थित थे।

# एक नजर

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा):कुंडहित में अब टीबी यानी ट्यूबरोक्लोसिस की जांच में देर नहीं होगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुंडहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीवी जांच की व्यवस्था बहाल कर दी गई है। यहां ट्रूनेट मशीन की सहायता से संदिग्ध रोगियों के बलगम की जांच की जाएगी। रोगी जांच के कुछ देर बाद ही रिपोर्ट प्राप्त कर सकेंगे। ट्रूनेट मशीन से होने वाली टीवी जांच को लेकर मंगलवार को सीएचसी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जांच करने वाले लैब टेक्नीशियनो को ट्रूनेट मशीन संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी मुहैया कराई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक एसआरएलएम स्वपन कुमार माजी तथा फिरोज अंसारी द्वारा लैब टेक्नीशियन अरुप कुमार मंडल, अनुज कुमार, अब्दुल लतीफ अंसारी, लक्ष्मी मुर्मू तथा मोहसिन आलम अंसारी को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कुंडहित सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नेपाल हेम्ब्रम ने बताया की विभागीय निर्देश पर कुंडहित मे ट्रूनेट मशीन की सहायता से टीबी की जांच की जा रही है।

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर** नाला प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत टेसजुरिया पंचायत के टेसजुरिया गांव आदिवासी टोला में एक महिला हुआ हुआ निधन परिजन जयसिंग सोरेन के द्वारा जानकारी देते हुए कहा की जब बाहमुनी मुर्मू के पति का दिहन्त हो गये करीब पांच शाल तभी से मृतक बहामुनी मुर्मू के दिमाक का हालत ठीक नहीं थे दारू में डूबी रह ती थी और पागल पन कर ते थे सोमवार को करीब 4 बाजे अचानक चीख ने की आवाज आये उसके बाद ग्रामीणों ने बाहमुनी मुर्मू के घर पोहचे देखे की बाहमुनी मुर्मू तबियत हालत बहुत खराब है उसी टाइम उसके घर पर कोई नहीं थे ग्रामीणों के द्वारा बाहमुनी के बेटा सोयलान सोरेन को जानकारी दिया

